www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 63 || लखनऊ
बुधवार
03 जून 2026 || पृष्ठ: 04 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:12
सूर्यास्त: 06:56
अधिकतम: 37°00
न्यूनतम: 29°00



पेज 07

विशेष समाचार
स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ... >> पेज 04
विराट कोहली आईपीएल जीतने ... >> पेज 06
थ्री-इडियट्स की कहानी से उठ ...

## ओएसएम की गड़बड़ी सामने लाने वाले 2 छात्र, दोनों ने परीक्षा दी



वेदांत श्रीवास्तव सार्थक सिद्धांत

■ कौन हैं वेदांत: दिल्ली के वेदांत श्रीवास्तव ने भी 12वीं की परीक्षा दी थी। फिजिक्स में 65 नंबर मिले तो उन्होंने आवाज उठाई। रीवैल्युएशन में कॉपी मिली तो गड़बड़ी का पता चला। पहले उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ट्रोलर्स ने उन्हें देशद्रोही तक कहा, बाद में बोर्ड ने गलती मानी और माफी मांगी।

■ कौन हैं सार्थक: रांची के 17 साल के सार्थक सिद्धांत टेक रिसर्चर हैं। उन्होंने भी परीक्षा दी थी। उन्होंने एक आम छात्र से आगे बढ़कर एक खोजी पत्रकार/डेटा साइंटिस्ट की तरह काम किया। सीबीएसई की तरफ से जारी पिछले 576 दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन और तुलना कर टेंडर में गड़बड़ी का खुलासा किया।




### विवादित ऑन स्क्रीन मार्किंग के टेंडर की जांच के आदेश, री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक


# सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव का तबादला

**ट्रांसफर**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑन स्क्रीन मार्किंग (OSM) विवाद के बीच CBSE के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया। इसके अलावा OSM सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। OSM प्रणाली में गड़बड़ी का खुलासा करने वाले 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत आज दोपहर एक बजे संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी मामले में कोई स्टूडेंट अपनी बात रखने के लिए बुलाया गया।

>> (शेष पेज 06 पर)




राहुल सिंह, चेयरमैन हिमांशु गुप्ता, सचिव

> सूत्रों का कहना है कि सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन से जुड़े टेंडर मुद्दे पर अब तक जो सफाई दी थी, उससे सरकार पूरी तरह संतुष्ट नहीं है, इसलिए बोर्ड के ऑन स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम सिस्टम से जुड़ी खरीद प्रक्रिया पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही री-इवैल्यूएशन पोर्टल में जिन सुरक्षा खामियों की बात उठी थी।

#### सीओईएमपीटी पर तेलंगाना बोर्ड एग्जाम में गड़बड़ी के आरोप

COEMPT एडुटेक तेलंगाना के हैदराबाद की कंपनी है। ये फर्म तेलंगाना, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में डिजिटल इवैल्युएशन का काम करती है। 2019 में इसका नाम ग्लोबरेना टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड था। तब इस पर तेलंगाना में 12वीं के बोर्ड एग्जाम में डेटा प्रोसेसिंग में गड़बड़ी के आरोप लगे थे। उस साल राज्य में 9.74 लाख में से 3 लाख से ज्यादा बच्चे फेल हो गए थे।

#### अभी तक क्या-क्या हुआ...

- *13 मई- सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किए।*
- *19 मई- पोस्ट रिजल्ट शिकायतों के समाधान के लिए पोर्टल खोला, लेकिन पहले ही दिन क्रैश हो गया।*
- *22 मई- तीन बार एक-एक दिन के लिए आंसरशीट की फोटोकॉपी लेने की तारीख बढ़ाई गई।*
- *25 मई- पोर्टल दुरुस्त करने के लिए देश के दो आईआईटी से मदद मांगी गई।*
- *1 जून- ओएसएम का रीवैल से जुड़ा पोर्टल दिन भर नहीं खुल सका।*
- *2 जून- बोर्ड ने पोर्टल लाइव करने की घोषणा की, यह 6 जून तक ओपन रहेगा।*

#### संसदीय समिति में 31 सांसद

संसदीय समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 31 सांसद शामिल हैं। समिति शिक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा करती है। जरूरत पड़ने पर अधिकारियों, संस्थानों या संबंधित लोगों को बुलाकर उनका पक्ष सुन सकती है। ये समिति 2024 के NEET-UG पेपर लीक और NTA की कार्यप्रणाली को लेकर भी चर्चा में रही थी। दिसंबर 2025 में अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा था कि NTA का प्रदर्शन भरोसा नहीं जगा पाया है। उसने परीक्षा संचालन में सुधार और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की सिफारिश की थी।

## वंदे मातरम लोगों के लिए बोझिल :थरूर

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत और अंत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सभी 6 छंदों को बजाने या गाना अनिवार्य करने पर सवाल उठाया। उन्होंने इसे गैर जरूरी और लोगों के लिए बोझिल बताया। केरल के तिरुवनंतपुरम में सोमवार को थरूर ने कहा, 'वंदे मातरम हमारा राष्ट्रगीत है। जब इसे गाया जाता है, तो हम सम्मान में खड़े हो जाते हैं। इसका पहला छंद या पहले दो छंद ज्यादातर लोगों को जुबानी याद होते हैं। थरूर ने बताया कि पारंपरिक रूप से यह गीत किसी कार्यक्रम की शुरुआत में एक बार गाया जाता था तो वहीं राष्ट्रगान अलग से कार्यक्रम के आखिर में बजाया जाता था। इसी साल 19 फरवरी को दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम का शशि थरूर ने जिक्र किया।

# गुजरात में 2 बसों की टक्कर में 7 की मौत

### 10 से ज्यादा घायल, डिवाइडर क्रॉस कर एक बस से दूसरी टकराई

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

सूरत। गुजरात में सूरत जिले के बारडोली के पास मंगलवार दोपहर को दो बसें टकरा गईं। हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हो गए। टक्कर के बाद एक बस के पलटते ही उसमें आग लग गई थी। दोनों बसें महाराष्ट्र की हैं। हादसा सड़क पर पलटे एक टैंकर को बचाने की कोशिश के दौरान हुआ। टैंकर की टक्कर से बचाने की कोशिश में एक बस ड्राइवर का स्टीयरिंग पर कंट्रोल नहीं रहा और बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई।

>> (शेष पेज 06 पर)



- टक्कर के बाद एक बस सड़क किनारे पलट गई और उसमें आग लग गई।
- बस पलटने और आग लगने के चलते कई पैसेंजर्स को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला।
- घायलों को बारडोली के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

# 'माफिया और मच्छर दोनों को खत्म किया'

### कुशीनगर में सीएम योगी बोले- पहले जंगल पार्टी का आतंक था

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक और शहर का नाम बदल गया है. कुशीनगर जिले के फाजिलनगर का नया नाम अब पावागढ़ हो गया है. सीएम योगी ने खुद इस बात का ऐलान किया है. एक कार्यक्रम में कुशीनगर पहुंचे सीएम योगी ने ऐलान करते हुए कहा कि फाजिलनगर अब पावागढ़ होगा. उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप की

> सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी में जब कोई नौकरी निकलती है और सेलेक्शन होता है तो हमारे कुशीनगर के नौजवान भी नियुक्तिपत्र पाने आते हैं. मैं हर नियुक्तिपत्र अपने हाथ से देता हूं और पूरी सूची मंगाता हूं, देखता हूं कि कुशीनगर का भी कोई नौजवान आया है कि नहीं. सरकार का विकास का विजन होता है.

जो मांग होती है, फ़ाज़िल नगर के विधायक जी उसे पूरा करते हैं.सीएम योगी ने कहा किफाजिलनगर को हम पावागढ़ के तौर पर मान्यता देने का रहे हैं. इसका नाम भगवान महावीर के नाम पर होगा.

>> (शेष पेज 06 पर)



**फास्ट न्यूज**

#### अन्नामलाई ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

चेन्नई/नई दिल्ली। तमिलनाडु BJP के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंगलवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने सुबह BJP अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से भी मुलाकात की थी। उनके BJP छोड़ने की चर्चा है।

#### ट्विशा केस : पति और सास को जेल भेजा

भोपाल। सीबीआई की विशेष अदालत ने ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह और सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सीबीआई ने दोनों आरोपियों की पुलिस रिमांड नहीं मांगी, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 16 जून तक भोपाल सेंट्रल जेल भेजने का आदेश दिया। दोनों को अन्य कैदियों से अलग रखा जाएगा। इससे पहले भोपाल के ट्विशा शर्मा डेथ केस में रिमांड खत्म होने के बाद मंगलवार को गिरिबाला और समर्थ को सीबीआई ने सीजेएम कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट रूम के अंदर दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बहस हुई।

#### नैनीताल की एमबीए स्टूडेंट उत्तरकाशी में ट्रैकिंग के बीच लापता

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में ट्रैकिंग के लिए गई नैनीताल की युवती का 4 दिन से कोई पता नहीं लग पा रहा है। बबीता पांडे की तलाश के लिए सेना, ITBP, SDRF, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। ड्रोन के जरिए दयारा बुग्याल ट्रेक के दुर्गम क्षेत्रों को छाना जा चुका है।

## पहलगाम हमले में इस्तेमाल मोबाइल कराची-लाहौर से आए थे

### इनमें बैसरन की लोकेशन-स्क्रीनशॉट थे, 4 साल पहले खरीदे

**खुलासा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने नया खुलासा किया है। NIA के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से ऑरेंज कलर का RedMi 9T और एक ब्लैक कलर का RedMi Note 12 बरामद हुआ था। NIA के मुताबिक दोनों फोन की जानकारी निकाली गई। इसमें सामने आया कि मोबाइल 2021 और 2023 में चीन की कंपनी Xiaomi की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचाए गए थे। RedMi 9T कराची की कंपनी टेक सिराट



प्राइवेट लिमिटेड ने इम्पोर्ट कराकर कराची डिलीवर कराया था। NIA ने बताया कि आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले की प्लानिंग पहले से कर रखी थी। फोरेंसिक जांच के दौरान मोबाइल के नेविगेशन एप AlpineQuest में बैसरन की लोकेशन सेव मिली। साथ ही बैसरन घाटी के कई स्क्रीनशॉट भी मिले जो 15-16 अप्रैल को लिए गए थे। 22 अप्रैल को अटैक हुआ था।

>> (शेष पेज 06 पर)

### लेकिन मैं विरोध करती रहूंगी, लड़ूंगी या मर जाऊंगी, टीएमसी नेताओं का बस स्टॉप पर धरना

# पुलिस टीएमसी कार्यकर्ताओं को धमकी दे रही : ममता

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी मंगलवार को सेंट्रल कोलकाता में अपना दिन भर का धरना दे रही हैं। ये धरना उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले, चुनाव के बाद हिंसा और फेरीवालों को हटाने के विरोध में हो रहा है। विपक्ष का नेता चुनने के लिए TMC विधायकों के साइन पर हुए विवाद में ममता ने कहा कि BJP गंदा खेल खेल रही है। अगर विधानसभा अध्यक्ष को साइन के असली होने पर यकीन नहीं है तो TMC विधायकों के साइन का फोरेंसिक टेस्ट कराना चाहिए।



कोलकाता पुलिस से परमिशन न मिलने के कारण आखिरी वक्त में वेन्यू बदल दिया गया। कोलकाता पुलिस से रानी रश्मोनी रोड पर विरोध प्रदर्शन की परमिशन नहीं मिलने के बाद ममता एस्प्लेनेड (धर्मतला) के Y-चैनल बस स्टॉप पर धरना देने पहुंचीं। और अपनी जिम्मेदारियों को निभाते समय हर



■ ममता को धरना स्थल पर हाथ में माइक लेकर बोलते हुए देखा गया, पहले उन्होंने कहा था कि वे बिना माइक के धरना देंगी।

किसी को यह बात याद रखनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को फेसबुक पर वीडियो मैसेज जारी कर भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए।

#### ममता की स्पीच की 5 बड़ी बातें

- बंगाल चुनाव जीतने के लिए BJP ने 294 विधानसभा सीटों में से 177 पर काउंटिंग में धांधली की।
- मुझे अफसोस है कि जिन लोगों को अपनी जिंदगी में मेरा साथ मिला, वे अब गद्दारों के साथ हो गए हैं।
- बिना रिहैबिलिटेशन के फेरीवालों को हटाना TMC सरकार की पॉलिसी नहीं थी, हमने इंसानियत का नजरिया अपनाया।
- देशभर में अपने एक्शन के बारे में फैसला करने के लिए BJP विरोधी पार्टियां दिल्ली में मिलेंगी।
- अगर दूसरी पार्टियों को उस जगह पर पॉलिटिकल इवेंट करने की परमिशन दी गई, जहां हमें प्रोटेस्ट करने की इजाजत नहीं दी गई, तो TMC कोर्ट जाएगी।

> धरना स्थल पर बनर्जी ने कहा- हमें मंच बनाने और माइक्रोफोन इस्तेमाल करने की परमिशन नहीं दी गई। पुलिस टीएमसी वर्कर्स को प्रदर्शनों में हिस्सा न लेने की धमकी दे रही है लेकिन मैं विरोध करती रहूंगी। मैं इस मुश्किल समय में टीएमसी वर्कर्स को नहीं छोड़ूंगी।

#### कल्याण बनर्जी बोले- अपनी जिम्मेदारियां याद रखें

*ममता के साथ फिरहाद हकीम, मदन मित्रा, डेरेक ओ ब्रायन, कल्याण बनर्जी और डोला सेन भी थे। कल्याण बनर्जी ने कहा कि आने वाले दिनों में वे और भी बड़े विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा- मैं कोलकाता पुलिस कमिश्नर और पुलिस अधिकारियों से कहना चाहूंगा कि आपकी सैलरी संविधान के तहत सरकारी खजाने से दी जाती है।*

### इजाफा : एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी के लिए 25 रुपये देने होंगे

# छोटू गैस सिलेंडर हुआ महंगा

तमसा संकेत, एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर एलपीजी सप्लाई पर पड़ा है। इससे भारत समेत दुनियाभर में परेशानी हो रही है। भारत में सरकार ने पेट्रोलियम कंपनियों से एलपीजी सिलेंडर के भंडार को रखने के लिए कहा है तो गैस की कीमतों में इजाफा भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में कॉमर्शियल और 5 किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडर के दाम एक बार फिर से बढ़ाए गए हैं। 5 किलोग्राम सिलेंडर को लेकर कई ऐसी बातें हैं उदाहरण के लिए इस सिलेंडर की होम डिलीवरी के लिए अतिरिक्त पैसे देने पड़ते हैं।

#### कितना है डिलीवरी चार्ज?

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक ग्राहक पॉइंट ऑफ सेल्स के माध्यम से छोटू गैस सिलेंडर रिफिल की होम डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें प्रति रिफिल 25 रुपये का अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क देना होगा। ग्राहक छोटू सिलेंडर को किसी भी अधिकृत इंडेन गैस डिस्ट्रीब्यूटर, इंडियन ऑयल रिटेल आउटलेट, चुनिंदा किराना स्टोर या सुपरमार्केट से खरीद सकते हैं। सिलेंडर की रीफिलिंग भी देशभर में किसी भी अधिकृत पॉइंट ऑफ सेल या डिस्ट्रीब्यूटर से कराई जा सकती है।

#### 11 रुपये बढ़े हैं दाम

बीते एक जून को ही कॉमर्शियल एलपीजी के अलावा पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई। पांच किलोग्राम वाले छोटे गैस सिलेंडर की कीमत 11 रुपये बढ़कर 821.50 रुपये हो गई है। इसके अलावा, 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 42 रुपये बढ़कर दिल्ली में 3,113.50 रुपये हो गई जबकि पहले इसकी कीमत 3,071.50 रुपये थी। इससे पहले एक मई को कॉगैस सिलेंडर के दाम में 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि, घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 14.2 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 913 रुपये पर स्थिर रखी गई है।



> *बता दें कि पेट्रोलियम कंपनियां हर महीने कीमतों की समीक्षा करती हैं और अलग-अलग राज्यों में मूल्य-वर्धित कर (वैट) जैसे स्थानीय करों के कारण दरें अलग-अलग हो सकती हैं। इंडियन ऑयल के मुताबिक छोटू सिलेंडर को शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है, जो अक्सर किराए के मकानों में रहते हैं या जिनके पास स्थानीय पते का प्रमाण नहीं होता।*

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

### राजस्थान-टढ में आंधी-बारिश से 5 मौतें

तमसा संकेत, एजेंसी

जयपुर/लखनऊ। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे है। सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के मुताबिक, रेड क्रॉस, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

इधर, मौसम विभाग ने बताया कि मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत




मिली है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार के कई इलाकों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। कई जगह बादल छाने से तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के नीमच में सोमवार रात मकान की छत ढहने से मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं, राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में दीवार ढहने से दो बच्चों सहित 3 लोगों की मौत हो गई।

## रिटायर्ड आईएएस को जिम्मेदारी, कांग्रेस को 70-75 सीटें दे सकते हैं, सर्वे टीम की कमान रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन संभाल रहे

# अखिलेश सिफारिश नहीं सर्वे से चुनेंगे जिताऊ कैंडिडेट

**दावा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी में समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संभावित कैंडिडेट्स का सर्वे करवा रही है। टिकट के दावेदार जमीन पर कितने मजबूत हैं, इसको 2 तरह से जांचा जा रहा है। सर्वे की मॉनिटरिंग खुद अखिलेश यादव कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों का दावा है कि इस बार टिकट वितरण में सर्वे और फीडबैक को प्राथमिकता दी जाएगी। सिफारिशें नहीं चलेंगी। सपा उन्हीं चेहरों को मैदान में उतारेगी, जिनका अपने क्षेत्र में मजबूत जनाधार होगा। छवि बेदाग होगी और वो जिताऊ कैंडिडेट होंगे। 2022 और 2024 के चुनावों में टिकट वितरण को लेकर हुए विवादों के कारण ही सपा ने इस बार प्राइवेट एजेंसी से सर्वे कराने का फैसला लिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सपा के नेताओं ने माना कि टिकट वितरण में चूक हुई। भाजपा या अन्य दलों से आए नेताओं को तुरंत टिकट दिए जाने से पार्टी के पुराने और वफादार कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी गई थी।

आरोप लगे कि टिकट बांटने में जमीनी हकीकत या सर्वे के बजाय स्थानीय जिलाअध्यक्षों और बड़े नेताओं की व्यक्तिगत 'पैरवी' को तरजीह दी गई। कई जगहों पर गुटबाजी के आधार पर जिताऊ कैंडिडेट की अनदेखी की गई। पार्टी की आंतरिक समीक्षा में सामने आया कि कई सीटों पर बहुत मामूली अंतर से हार हुई। क्योंकि उम्मीदवार स्थानीय स्तर पर उतने लोकप्रिय नहीं थे। उनका बूथ मैनेजमेंट कमजोर था।

2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा का टिकट वितरण सबसे ज्यादा सुर्खियों और विवादों में रहा। मेरठ, मुरादाबाद, बदायूं और गौतमबुद्धनगर जैसी कई महत्वपूर्ण सीटों पर सपा ने दो से तीन बार अपने उम्मीदवार बदले।

मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काटकर आखिरी वक्त पर रुचिवीरा को दे दिया, जिससे स्थानीय स्तर पर उथल-पुथल मच गई थी। बदायूं में पहले धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया गया, फिर उनका टिकट काटकर शिवपाल सिंह यादव को दिया गया और आखिर में शिवपाल के बेटे आदित्य यादव वहां से चुनाव लड़े। टिकटों की इस अदला-बदली के कारण सपा के भीतर की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई थी। कांग्रेस और 'अपना दल (कमेरावादी)' की पल्लवी पटेल जैसे सहयोगियों के साथ भी सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन को लेकर सार्वजनिक रूप से विवाद सामने आए।



■ सर्वे टीम की कमान रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन संभाल रहे हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कांग्रेस को 70 से 75 सीटें देने का सुझाव दिया है।

### रिटायर्ड आईएएस कर रहे सपा की मदद

यूपी की 403 विधानसभा सीटों पर सपा अपने संभावित दावेदारों पर काम शुरू कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, यूपी सरकार के रिटायर्ड IAS अफसर आलोक रंजन इसकी कमान संभाल रहे हैं। उनकी अगुआई में लखनऊ के गोमती-नगर में एक ऑफिस भी बनाया गया है। यहां लखनऊ की एक यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग के एक प्रोफेसर, 2 रिसर्च स्कॉलर, कई सपोर्ट स्टाफ संभावित चेहरों पर काम तकरीबन पूरा कर चुके हैं।

### गठबंधन होने पर सपा 70-75 सीटें कांग्रेस को दे सकती है

रिटायर्ड IAS अफसर की टीम ने अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि सपा का 2022 के विधानसभा चुनाव में यूपी की करीब 71 सीटों पर प्रदर्शन कमजोर रहा था। अगर सपा का कांग्रेस से गठबंधन होता है, तो कांग्रेस 100 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने का दबाव बना सकती है। जबकि सपा की कोशिश होनी चाहिए कि वह 70 से 75 सीटें ही दे। हालांकि, मुस्लिम बहुल सीटों पर खींचतान हो सकती है। जैसे कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सहारनपुर में कांग्रेस पार्टी जीत गई थी, अमरोहा में कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी नंबर 2 पर रहा था। ऐसे में कांग्रेस इन सीटों की डिमांड कर सकती है।



■ अखिलेश यादव पार्टी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सपा के कार्यकाल में हुए कामों को बताने के लिए कह रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में आवारा पशु से टकराई तेज रफ्तार बाइक

लखनऊ। लखनऊ के गोसाईंगंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक आवारा पशु से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोसाईंगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चाचा को मृत घोषित कर दिया। भतीजे का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### केजीएमयू दवा घोटाले में 4 पर होगी एफआईआर

लखनऊ। KGMU में फर्जी मरीजों के नाम पर करोड़ों रुपए की दवा डकारने का मामला सामने आने के बाद अब दोषियों पर FIR की तैयारी है। कैंसर से लेकर किडनी तक के इलाज में इस्तेमाल होने वाली महंगी दवाएं असाध्य योजना से खरीदी गई। फिर उन दवाओं को बाजार में खपा दिया। हालांकि, दवाएं कहां बेची या खपाई गईं, उसकी पड़ताल जारी है। जांच कमेटी ने असाध्य योजना में सेंधमारी कर करोड़ों की दवा घोटाला करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की सिफारिश की है। आज यानी मंगलवार को तीन संविदा और एक नियमित फार्मासिस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### भाजपा नेता की हत्या का मुख्य आरोपी चंदौली से गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ के विभूतिखंड स्थित जलवा क्लब के बाहर अयोध्या के भाजपा नेता शिवम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चंदौली पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी और मुख्य आरोपी अनुज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के लिए पीएम पोषण योजना बना रही मजबूत आधार : मंत्री संदीप सिंह

# योगी सरकार की पौष्टिक थाली से मजबूत हो रही नई पीढ़ी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत राजकीय, परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत लाखों छात्र-छात्राओं को संतुलित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की थाली में ऊर्जा, प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सरकार उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बल दे रही है। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर योगी सरकार कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को भी और अधिक प्रभावी बना रही है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा और पोषण को समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजना केवल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे पौष्टिक भोजन से बच्चों की सीखने की क्षमता, एकाग्रता और विद्यालयों में उपस्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। योगी सरकार बच्चों के भोजन को अधिक संतुलित एवं पोषणयुक्त बनाने के लिए सप्ताह के विभिन्न दिनों में दाल, हरी सब्जियां, सोयाबीन युक्त व्यंजन, दूध एवं मौसमी फल उपलब्ध करा रही है। इससे बच्चों को कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, आयरन एवं अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। यह व्यवस्था बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास को भी गति प्रदान कर रही है।



पीएम पोषण योजना से बच्चों को मिल रहा संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक

संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम बच्चों पर आधारित है। इसी उद्देश्य के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण और पोषणयुक्त भोजन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है।

पीएम पोषण योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को प्रतिदिन न्यूनतम 450 कैलोरी ऊर्जा और 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 700 कैलोरी ऊर्जा और 20 ग्राम प्रोटीन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पोषण मानक बच्चों के शारीरिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक एकाग्रता तथा शैक्षणिक उपलब्धियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# 'जनता को हर हाल में मिले निर्बाध बिजली'

### ए के शर्मा ने आंधी के बाद विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की

**तमसा संकेत, एजेंसी**



सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह डंपर ने 12 साल के लड़के को रौंद दिया। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं रुका और डंपर की स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान लड़का डंपर के नीचे फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने घटना देख डंपर को दौड़ाकर घेरते हुए पकड़ लिया। यह दुर्घटना बंथरा-उम्मेद खेड़ा रोड पर बंथरा बाजार के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक बंथरा बाजार निवासी मंदौस थारू का बेटा मानस (12) था। वह सड़क पार कर रहा था, तभी डंपर की चपेट में आ गया। बंथरा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। पिता मंदौस थारू बंथरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं। मृतक के परिवार में पित मंदौस, मां रन्नो, तीन बहनें मनु, मानसी और सरिता हैं। चार भाई बहनों में मानस दूसरे नंबर पर था।लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज लखनऊ स्थित संगम सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न हुई विद्युत बाधाओं के निस्तारण तथा उपभोक्ता शिकायतों के समाधान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

## अनिल भूषण चतुर्वेदी ने संभाली प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक की जिम्मेदारी



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हितों से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें।

■ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा फोकस
- अनिल भूषण चतुर्वेदी

## अखिलेश के साथ तस्वीर, उपचुनाव में प्रभारी रह चुका, लग्जरी गाड़ियों का शौकीन

# खुलासा : प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कराने वाला सपा नेता निकला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता दिनेश यादव सपा की लोहिया वाहिनी का पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निकला। वह 2020-21 में प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के दौरान बतौर पार्टी प्रभारी काम कर चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक' पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ तस्वीर लगा रखी है।

फेसबुक पर उसने चुनाव प्रचार के दौरान की तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। सपा के कई नेताओं के साथ उसका उठना-बैठना रहा है। इतना ही नहीं, पुलिस ने उसके कब्जे से जो कार जब्त की, उस पर भी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लिखा है। दिनेश थानों में भी अपने राजनीतिक पद का रौब दिखाता रहता था। 27 मई को पीजीआई थाना क्षेत्र में संदीप की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले के खुलासे के लिए पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें लगाई गई थीं। जांच में सामने आया था कि हत्या की वजह पुराना जमीन विवाद था। संदीप मूलरूप से जौनपुर के रहने वाले थे।




" स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सत्ता में रहने के दौरान वह सब पर रौब दिखाता था। अपने पद की धौंस दिखाकर सब पर दबाव बनाता था। यहां तक कि जो जमीन समझ में आ जाए, उस पर जबरन कब्जा कर लेता था। अगर कोई विरोध करता तो राजनीतिक पार्टी में पकड़ दिखाकर चुप करवा देता।

### मैनपुरी, आजमगढ़ और गोरखपुर का पार्टी प्रभारी रहा

आलापुर विधानसभा क्षेत्र के समदा गांव निवासी सपा नेता दिनेश यादव उर्फ देवा को अखिलेश का करीबी बताया जाता है। दो दशक पहले लखनऊ विश्वविद्यालय से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिनेश लोहिया वाहिनी में प्रदेश स्तर पर नेतृत्व कर चुका है। पार्टी ने उसे छात्रसभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बनाया था। दिनेश मैनपुरी, आजमगढ़ और गोरखपुर उपचुनाव में पार्टी के प्रभारी के तौर पर भी काम कर चुका है।

### हत्या के दिन लखनऊ से बाहर चले गए थे आरोपी

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि वारदात के दिन खुद को शक से बचाने के लिए दिनेश और मुकर्रबीन दोनों लखनऊ से बाहर चले गए थे। दिन में शूटरों ने संदीप की गोली मारकर हत्या की और बाद में फोन कर वारदात पूरी होने की सूचना दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**समीक्षा :** श्रमिकों के कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और योग जागरूकता के लिए व्यापक अभियान चलाएगा श्रम विभाग

# अनिल राजभर ने जनकल्याण अभियान के सफल आयोजन के दिए निर्देश

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मंगलवार को 12 साल विश्वास के, विकास केद्र जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं जनसहभागिता आधारित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री राजभर ने कहा कि अभियान के माध्यम से श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों एवं युवाओं तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और योग को बढ़ावा दिया जाए।

उन्होंने कहा कि 08 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत श्रम संहिताओं, श्रमिक कल्याण योजनाओं तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना की सुविधाओं के संबंध में संवाद, संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में ईएसआई योजना से जोड़ने तथा लाभार्थियों और नियोजकों के बीच विभागीय उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर विभाग के सभी कार्यालयों, ईएसआई अस्पतालों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों तथा औद्योगिक इकाइयों में कार्य प्रारंभ होने से पूर्व 45 मिनट से एक घंटे तक योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री ने कहा कि योग को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



**मंत्री राजभर ने निर्देश दिए कि विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को विभाग के सभी कार्यालयों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों तथा ईएसआई अस्पतालों एवं डिस्पेंसरियों में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाए तथा परिसरों को स्वच्छ, हरित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए।**

### जनकल्याण मेला एवं शिविर आयोजित करने के निर्देश

बैठक में 08 से 14 जून तक जनकल्याण मेला एवं शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। इन कार्यक्रमों में केंद्र एवं राज्य सरकार की श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, पंपलेट एवं अन्य संचार माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बाल एवं बंधुआ श्रम उन्मूलन, बाल श्रम मुक्त मिशन-2027, रोजगार संगम पोर्टल, सेवामित्र योजना, विदेशों में रोजगार के अवसर तथा श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

मंत्री राजभर ने निर्देश दिए कि 17 से 20 जून तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में श्रम विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाए ताकि आमजन को विभागीय कार्यों और योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके।

## 50 मीटर तक घिसटता चला गया, बंथरा में ड्राइवर को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा

# 12 साल के लड़के को डंपर ने रौंदा मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह डंपर ने 12 साल के लड़के को रौंद दिया। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं रुका और डंपर की स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान लड़का डंपर के नीचे फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने घटना देख डंपर को दौड़ाकर घेरते हुए पकड़ लिया। यह दुर्घटना बंथरा-उम्मेद खेड़ा रोड पर बंथरा बाजार के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक बंथरा बाजार निवासी मंदौस थारू का बेटा मानस (12) था। वह सड़क पार कर रहा था, तभी डंपर की चपेट में आ गया।



बंथरा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया है। उसके चालक सरोजनी नगर के मीरानपुर पिनवट के रहने वाले महेंद्र रावत को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। पिता मंदौस थारू बंथरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं। मृतक के परिवार में पित मंदौस, मां रन्नो, तीन बहनें मनु, मानसी और सरिता हैं। चार भाई बहनों में मानस दूसरे नंबर पर था।

### गंभीर रूप से घायल था, पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया

**दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने डंपर चालक को घेरकर पकड़ लिया। पुलिस बुला ली। पहुंची पुलिस टीम ने गंभीर रूप से घायल मानस को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले ही मानस ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

## छात्राओं से अपने अनुभव शेयर किए, कहा- साहस और दृढ़ता से हालात का सामना किया

# लड़कियां तकनीकी शिक्षा के साथ कराटे भी सीखें : राज्यपाल



दौरा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर बाराबंकी पहुंचीं। अपने कार्यक्रम के तहत उन्होंने आवास विकास कॉलोनी स्थित राजकीय बालिका संप्रेक्षण गृह में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया।

राज्यपाल करीब 12:15 बजे संप्रेक्षण गृह पहुंचीं, जहां उन्होंने परिसर का निरीक्षण करने के साथ वहां रह रही किशोरियों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं से सीधे संवाद भी किया।




अपने संबोधन में राज्यपाल ने डिजिटल शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि कंप्यूटर ज्ञान आज के समय में युवाओं, विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए कराटे जैसे कौशल सीखने की भी सलाह दी।

### टीकाकरण अभियान का किया अवलोकन

*इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से किशोरियों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। राज्यपाल ने टीकाकरण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और बालिकाओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।*

*कार्यक्रम में खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा सहित जिला प्रशासन और महिला कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।*

*कार्यक्रम समाप्त होने के बाद राज्यपाल दोपहर करीब 2:30 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो गईं।*



### छात्र जीवन के अनुभव किए साझा

*कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने अपने छात्र जीवन के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि लगभग 50 वर्ष पहले पढ़ाई के दौरान उन्हें भी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने साहस और दृढ़ता के साथ हर परिस्थिति का सामना किया। उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।*

## ट्रक ने बाइक सवार भाई-बहन को रौंदा, मौत

सीतापुर। सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 पर मंगलवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि युवक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम टिपकापुर निवासी विपिन (22) पुत्र प्रेमपाल अपनी पत्नी नीलम और 14 वर्षीय बहन राखी के साथ बाइक से मैगलगंज स्थित बालाजी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक सर्विस रोड से नेशनल हाईवे-30 पर पहुंची, नेरी के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए और ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में विपिन और उसकी बहन राखी की मौके पर ही मौत हो गई।

# मां की मौत के 46वें दिन बेटे ने की आत्महत्या

### पत्नी के दुपट्टे से फंदा लगाया, भाई ने कहा, पति-पत्नी में हुई थी कहासुनी

**तमसा संकेत, एजेंसी**



हरदोई। हरदोई में पत्नी से घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने पत्नी के ही दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार देर शाम को हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम हुआ।

इससे पहले युवक की मां की मृत्यु बीमारी से 17 अप्रैल को हुई थी। युवक के भाई ने बताया पति-पत्नी में कहासुनी हुई थी। इसके बाद उनका भाई कमरे में चला गया था। मृतक की पहचान मल्लावां कोतवाली के मोहिद्दीनपुर पिपनिया निवासी 23 वर्षीय पवन पुत्र रामदास के रूप में हुई है।

वह अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। पवन ने वर्ष 2023 में बिहार के सीवान की रोशनी से शादी की थी। उनकी एक सवा साल की बेटी भी है। पवन के बड़े भाई मुकेश ने बताया कि सोमवार शाम को पवन और उसकी पत्नी रोशनी के बीच किसी घरेलू बात को लेकर तीखी नोंकझोंक हुई थी। इसके बाद रोशनी अपने घरेलू कामों में लग गई।

उधर, पवन अपने कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर पत्नी रोशनी के दुपट्टे से फंदा लगा लिया।कुछ देर बाद जब रोशनी कमरे की तरफ गई, तो उसने पति को फंदे पर लटका देखा और चीखने लगी। शोर सुनकर घरवाले और आस-पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा तोड़कर पवन को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

फास्ट न्यूज

### बाइक सवार युवक की मौत

हरदोई। हरदोई के संडीला इंडस्ट्रियल स्टेट में सोमवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक स्टील फैक्ट्री में नौकरी करता था और छुट्टी के बाद घर लौट रहा था। यह घटना इंडस्ट्रियल स्टेट के फेज-1 में पेप्सिको के पास सर्विस रोड पर हुई। मंगलवार की दोपहर शव का पोस्टमार्टम हुआ। मृतक की पहचान कासिमपुर थाने के रामपुर भटेउली निवासी 26 वर्षीय रामकुमार उर्फ रामानंद के रूप में हुई है।

### जेईई एडवांस 2026 में बाराबंकी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बाराबंकी। जेईई एडवांस 2026 के परिणाम घोषित हो गए हैं। बाराबंकी जिले के छात्रों ने इस प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बड़ेल के छात्र आदित्य वर्मा ने अखिल भारतीय स्तर पर 177वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

आदित्य वर्मा के पिता अमित कुमार एक किसान हैं, और उनकी माता संगीता देवी गृहिणी हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में हर्ष का माहौल है। श्री साईं इंटर कॉलेज के अन्य छात्रों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। नयन वर्मा ने ओबीसी श्रेणी में 3314वीं रैंक हासिल की।

### आनंद घाट पर आरती स्थल निर्माण तेज

उन्नाव। उन्नाव के आनंद घाट पर वाराणसी की तर्ज पर विकसित किए जा रहे भव्य आरती स्थल का निर्माण कार्य अब तेज हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मानसून से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इंजीनियरों की लगातार निगरानी में काम युद्धस्तर पर जारी है। गौरतलब है कि आनंद घाट पर आरती स्थल का निर्माण कार्य पिछले लगभग दो वर्षों से धीमी गति से चल रहा था।

## रायबरेली में 8 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन

# किसान कल्याण एसोसिएशन का धरना-अनशन शुरू

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रायबरेली। रायबरेली के नसीराबाद में किसान कल्याण एसोसिएशन (अराजनैतिक) ने सोमवार को शिवनगर स्थित शिव मंदिर परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन शुरू किया। यह आंदोलन विभिन्न किसान एवं जनसमस्याओं को लेकर किया जा रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल और जिलाध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय (उमेश) के नेतृत्व में शुरू हुए इस प्रदर्शन में क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 26 मई 2026 को उपजिलाधिकारी सलोन को धरना और आमरण अनशन की



लिखित सूचना दी गई थी। किसानों ने छतोह-गांधीनगर मार्ग पर दो साल से अधूरे पड़े रेलवे अंडरपास का निर्माण पूरा कर मार्ग चालू करने की मांग की। साथ ही, सलोन और नसीराबाद क्षेत्र में गीले पशु आहार की कथित अवैध बिक्री पर रोक लगाने की भी मांग उठाई गई।ग्राम पूरे खुशियाल मजरे नसीराबाद देहात में मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटवाकर रास्ता सुगम बनाने की मांग की गई, ताकि आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित हो सके। किसानों ने गेहूं खरीद केंद्रों पर ऑनलाइन बोरी की अनुपलब्धता और खरीद प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार की जांच की भी मांग की। इसके अतिरिक्त, सलोन-जगदीशपुर हाईवे और नसीराबाद बाईपास निर्माण से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने तथा उनकी भूमि पर खड़े पेड़ों को हटाने की अनुमति देने की मांग रखी गई। ग्राम पूरे महमूद अली में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नाली निर्माण और सड़क ऊंची कराने की मांग भी की गई। ग्रामसभा बेवल में बने अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में कथित अनियमितताओं और खराब पड़ी सोलर लाइटों की जांच की मांग भी धरने में शामिल थी।



**धरने पर बैठे किसानों ने 8 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया। इनमें पूरे मंगल सिंह मजरे सण्डहा स्थित संत बाबा बालकदास उर्फ फूलमती की कुटी और सहन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग शामिल है।**

**हालांकि, समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण संगठन को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।**

# महिला दरोगा के आवास पर दरोगा का हंगामा

### सीतापुर की 11वीं वाहिनी पीएसी परिसर में दरवाजा तोड़ने का प्रयास का आरोप

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर। सीतापुर के कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित 11वीं वाहिनी पीएसी के आवासीय परिसर में बीती 29 मई की रात उस हड़कंप मच गया जब एक पुरुष दरोगा ने महिला दरोगा के सरकारी आवास पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। आरोपी ने कथित तौर पर आवास का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया, जिसके बाद महिला अधिकारी ने खुद को घर के भीतर बंद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, आरोपी दरोगा आशीष चंद्र दुबे वर्तमान में लखनऊ स्थित शक्ति भवन में गोपनीय पद पर तैनात हैं। रविवार देर रात वह 11वीं वाहिनी




पीएसी परिसर स्थित महिला दरोगा के सरकारी आवास पर पहुंचे और वहां विवाद करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि उन्होंने आवास का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की भी कोशिश की। घटना से घबराई महिला दरोगा ने तत्काल पीएसी के सेनानायक को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीएसी अधिकारियों सहित क्विक रिस्पांस टीम (QRT) मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। टीम ने आरोपी दारोगा आशीष चंद्र दुबे को हिरासत में ले लिया। एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि महिला दरोगा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पूछताछ और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी दरोगा को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना के बाद पीएसी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। मामले को लेकर पुलिस विभाग में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरलोडिंग और यातायात उल्लंघन पर 19 वाहनों का चालान

### उन्नाव में सड़क सुरक्षा अभियान में 11 डंपर सीज, 6 लाख का राजस्व वसूला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने एक सघन अभियान चलाया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के निर्देश पर गठित टास्क फोर्स ने 1 और 2 जून को दो दिवसीय विशेष कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान 11 डंपरों को सीज किया गया और 19 अन्य वाहनों का चालान किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत, यह अभियान ओवरलोड वाहनों, बिना नंबर प्लेट या रिफ्लेक्टर वाले वाहनों, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वालों, गलत दिशा में चलने वाले वाहनों और मालवाहक वाहनों में सवारियां बैठाने वालों के खिलाफ केंद्रित था। टास्क फोर्स ने हसनगंज,



नवाबगंज, पुरवा, मौरावां और बिहार क्षेत्रों में गहन जांच की। अभियान के पहले चरण में, ओवरलोडिंग और अन्य गंभीर नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 डंपरों को जब्त कर लिया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 19 वाहनों का चालान किया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 41 चालान किए गए, जबकि बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले 23 लोगों के चालान काटे गए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले चार चालकों पर भी कार्रवाई हुई। गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चार वाहनों का चालान किया गया और एक वाहन को सीज किया गया।

***जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा।***

# राशन दुकान का लाइसेंस निरस्त

### डीएम ने अनियमितताओं पर की सख्त कार्रवाई, बोले- गरीबों के हक पर डाका डालने वाले को नहीं बख्शेंगे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितताओं के चलते बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बीघापुर तहसील के सुमेरपुर विकास खंड स्थित ग्राम सभा कुतुबपुर की उचित दर दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया। यह कार्रवाई राशन वितरण में गंभीर गड़बड़ियों और सरकारी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि के बाद की गई। जिला प्रशासन के मुताबिक, ग्राम सभा कुतुबपुर के उचित दर विक्रेता रामशंकर के खिलाफ राशन वितरण में धांधली की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर उपजिलाधिकारी बीघापुर और जिला पूर्ति अधिकारी ने जांच की। जांच के दौरान विक्रेता से वितरण रजिस्टर, प्रारूप 'क' एवं 'ख', वितरण प्रमाण पत्र और स्टॉक रजिस्टर जैसे



महत्वपूर्ण दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह इन्हें उपलब्ध नहीं करा सका। जांच रिपोर्ट में राशन वितरण में अनियमितता, पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न न देने और सरकारी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। इस रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने उचित दर विक्रेता का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने इस संबंध में सख्त चेतावनी दी है।


उन्होंने कहा कि राशन की कालाबाजारी करने वाले या गरीबों के हक पर डाका डालने वाले दुकानदारों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र कार्डधारक को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न पूरी पारदर्शिता के साथ मिले। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिले के सभी उचित दर विक्रेताओं को भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने और राशन से संबंधित शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कार्डधारकों को राशन प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। यदि किसी दुकान पर अनियमितता या शिकायत सामने आती है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## घटना : उन्नाव में दोनों नाना के घर रहते थे, पीलिया की दवा लेने जा रहे थे

# डंपर ने बाइक सवार दो मौसेरे भाइयों को रौंदा, मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव (उत्तर प्रदेश)। उन्नाव जनपद के पुरवा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। गोकुलपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार और मौरंग से लदे एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार दो मौसेरे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके



पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। मृतक अभय प्रताप सिंह अपने परिवार का इकलौता बेटा था। वह ड्राइविंग कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी शादी लगभग दो साल पहले हुई थी और उसका छह माह का एक मासूम बेटा भी है। वहीं दूसरा मृतक सूर्यांश सिंह भी अपने परिवार का इकलौता बेटा था और कक्षा 8 का छात्र था। परिवार को उससे उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदें थीं, जो इस दर्दनाक हादसे के साथ हमेशा के लिए टूट गईं।



मौके पर पहुंचकर जांच करती पुलिस।

### दवा लेने निकले थे दोनों युवक

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अचलगंज थाना क्षेत्र के बेहटा-नथई गांव निवासी अभय प्रताप सिंह और सूर्यांश सिंह के रूप में हुई है। दोनों मौसेरे भाई थे और अपने नाना कमलेश सिंह के घर रह रहे थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह दोनों बाइक से पुरवा क्षेत्र में पीलिया की दवा लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान गोकुलपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे मौरंग लदे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गया।

### ग्रामीणों में आक्रोश, मौके पर जुटी भीड़

हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े, जिन्हें वाहन ने कुचल दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घरों में चीख-पुकार का माहौल है और पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी पुरवा अरविंद चौरसिया और कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# पांचवें बड़े मंगल पर विशेष आयोजन

### शहर में जगह-जगह हुए भंडारे, सुंदरकांड पाठ से भक्तिमय बना माहौल

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर मंगलवार को उन्नाव शहर और शुक्लागंज में भक्तिमय माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना की, सुंदरकांड पाठ आयोजित किए गए और जगह-जगह भंडारे व शरबत का वितरण किया गया। सुबह से देर शाम तक मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। बड़े मंगल के अवसर पर शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से गूंजते रहे। कई स्थानों पर सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शुक्लागंज



सहित उन्नाव शहर के विभिन्न मोहल्लों, चौराहों और बाजारों में भंडारों का आयोजन किया गया। इन भंडारों में श्रद्धालुओं और राहगीरों को सब्जी-पूरी, हलवा, बूंदी, प्रसाद और शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच लगाए गए शरबत शिविर लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जहां राहगीरों ने ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर राहत पाई। इन धार्मिक आयोजनों में सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कई स्थानों पर स्वयंसेवक प्रसाद वितरण, पेयजल व्यवस्था और श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन में सक्रिय रहे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए थे, जिससे सभी कार्यक्रम पूरे दिन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान हनुमान की विशेष पूजा करने, सुंदरकांड का पाठ करने और भंडारा आयोजित करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था और विश्वास के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं।

पूरे दिन चले इन धार्मिक कार्यक्रमों के कारण उन्नाव और शुक्लागंज में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और जगह-जगह लगे भंडारों ने इस दिन को और भी विशेष बना दिया।

# सम्पादकीय

## खेत बचाओ अभियान



यह अच्छा है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति में कठिनाई और उनके मूल्यों में वृद्धि को देखते हुए केंद्र सरकार ने खेत बचाओ अभियान शुरू किया। इस अभियान को शुरू करने के पहले केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस तरह देश भर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आइसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों और किसान संगठनों से गहन संवाद किया, उससे यह पता चलता है कि वे इस अभियान को वास्तव में सफल होते हुए देखना चाहते हैं। ऐसे किसी अभियान की सफलता जन भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही संभव है। निःसंदेह इस अभियान में केंद्र सरकार को राज्यों का सक्रिय सहयोग चाहिए होगा। इसी तरह यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि आम किसान यह समझें कि रासायनिक उवर्रकों का आवश्यकता से अधिक उपयोग केवल खेती की लागत ही नहीं बढ़ाता, बल्कि खेतों की मिट्टी की उर्वर क्षमता को भी कम करता है। इसके अतिरिक्त भूजल भी दूषित होता है। एक ऐसे समय जब जलवायु बदल रही है, तब उर्वरकों का अंसतुलित उपयोग खेती के सामने गंभीर चुनौती बन रहा है।

समस्या यह है कि औसत किसान यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उर्वरकों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल अंततः उनके लिए घाटे का सौदा ही सिद्ध होता है, क्योंकि प्रारंभ में तो फसल अच्छी होती है, लेकिन समय के साथ खेतों की मिट्टी दूषित हो जाने के कारण उपज प्रभावित होती है।

वैसे तो प्रधानमंत्री ऐसी अपील करते रहे हैं कि किसान रासायनिक उर्वरकों का सही उपयोग करने के लिए खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराएं और जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा दें, लेकिन इसके बाद भी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाए और रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग जारी है। इसका एक कारण उवर्रकों पर दी जाने वाली सब्सिडी भी है। एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार ने 1.7 लाख करोड़ रुपये उर्वरक सब्सिडी पर खर्च किए।

इस वर्ष यह खर्च कहीं अधिक बढ़ने के आसार हैं, क्योंकि अधिकतर उर्वरकों का आयात किया जाता है और अमेरिका-ईरान तनाव के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके मूल्य बढ़ते जा रहे हैं। उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा की मानें तो जहां दो बोरी उर्वरक के उपयोग की आवश्यकता होती है, वहां किसान चार बोरी का उपयोग करते हैं। वास्तव में जब भी कोई वस्तु सब्सिडी के चलते कम मूल्य पर उपलब्ध कराई जाती है तो उसका अनावश्यक उपयोग बढ़ जाता है। तथ्य यह भी है कि किसानों को सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरक की कालाबाजारी भी होती है, क्योंकि उसका इस्तेमाल औद्योगिक रसायन के रूप में भी होता है।

## विकास के पथ पर अग्रसर होना

आनुशासन परम तत्त्व हैं । आनुशासन जीवन में आ जाता हैं तो आदमी का जीवन विकासशील बन जाता हैं । वह अपने जीवन में शांति का अनुभव कर सकता हैं । गीतकार ने कहा हैं कि तुम कर्म करने के अधिकारी हों, फलाशंसा मत रखो । वह पुरुषार्थ करने पर कभी सफलता न भी मिले तो मैं कर्म करूंगा ही नहीं, ऐसी भावना हमारे मन में न आए । वह अकर्म के प्रति हमारे मन में आसक्ति का भाव नहीं जागें । गीता में आसक्ति को छोड़ने का उपदेश दिया गया हैं । वह उत्तराध्ययन सूत्र में भी हमको अनुशासन की बात मिलती हैं, वह आसक्ति को छोड़ने की भी बात मिलती हैं । शास्त्रों के अनुसार मनुष्य जन्म का उद्देश्य ऐसी साधना करना है कि इस एक जन्म में नहीं तो आगे के कई जन्मों में तो जन्म-मरण के चक्कर से छुटकारा पाने के मार्ग पर अग्रसर हो सकना हैं । इसीलिए अन्य प्राणियों की अपेक्षा मनुष्य में चिन्तन की, भावनाओं की, दृष्टिकोण आदि की अद्भुत क्षमता है। आदर्श पुरुष वह है जो इस बात को समझता है और इसी उद्देश्य की पूर्ति में जीवन का उपयोग करता है। पर विडंबना है अधिकांश मनुष्यों का जीवन जीविकोपार्जन व भौतिकता के संवर्द्धन में ही व्यतीत होता है। संसार के छोटे से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक के बड़े-बड़े युद्ध के यही निमित्त होते हैं। सबके सब जीवन का मूल ध्येय दिमाग से ही निकाल कर इस कदर फेंक देते हैं कि उसके अस्तित्व के उद्देश्य से ही बेखबर हो जाते हैं। यदि सौभाग्यवश किसी के मन में किंचित मात्र भी इसका अवशेष शेष है तो समझें कि वह मनुष्य आज इस दुनिया में विशेष ही नहीं अति विशेष है । गलती कोई बड़ी नहीं होती बस उसे स्वीकार ना करना औरउससे दूर भागना उसे बड़ा बना देता है। अबोध गलती करो चाहे हजार, मगर एक गलती ना हो दूसरी बार।

› प्रदीप छाजेड़

# स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ पर्यावरण का आधार है साइकिल



> पर्यावरणीय दृष्टि से साइकिल का महत्व और भी अधिक है। विश्व के बड़े शहर बढ़ते प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से त्रस्त हैं। मोटर वाहनों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है।



हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला विश्व साइकिल दिवस केवल एक साधारण वाहन के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सतत विकास के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, बढ़ती बीमारियों और यातायात संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब साइकिल एक ऐसे सरल समाधान के रूप में उभरती है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र- तीनों के लिए समान रूप से लाभकारी है। विश्व साइकिल दिवस 2026 की थीम 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' (Cycling for a Greener Future) अत्यंत सार्थक और समयानुकूल है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि यदि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पृथ्वी छोड़नी है, तो हमें अपने परिवहन के तौर-तरीकों में बदलाव लाना होगा और साइकिल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।

साइकिल मानव सभ्यता के उन आविष्कारों में से एक है जिसने दो शताब्दियों से अधिक समय तक अपनी उपयोगिता बनाए रखी है। तकनीकी क्रांति के इस युग में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि नई चुनौतियों के बीच इसका महत्व और बढ़ गया है। यह एक ऐसा वाहन है जो बिना पेट्रोल, डीजल या बिजली के चलता है, न कोई धुआँ छोड़ता है और न ही पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता देते हुए विश्व साइकिल दिवस घोषित किया। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएँ तो बहुत दी हैं, लेकिन इसके साथ अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ भी पैदा कर दी हैं। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, शारीरिक श्रम का अभाव, वाहन-निर्भरता और तनावपूर्ण जीवन ने मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। ऐसे समय में साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि एक प्रभावी स्वास्थ्य-सहचर बनकर सामने आती है।

चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम है। इससे हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और शरीर की अतिरिक्त कैलोरी खर्च होती है। साइकिल चलाने से मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं तथा जोड़ों पर अत्यधिक दबाव भी नहीं पड़ता, इसलिए यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त व्यायाम माना जाता है। विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों से बचाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी साइकिल अत्यंत लाभकारी है। आज तनाव, चिंता और अवसाद वैश्विक समस्याएँ बन चुके हैं। खुली हवा में साइकिल चलाने से मन प्रसन्न होता है, तनाव हार्मोन कम होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह व्यक्ति को प्रकृति के निकट लाती है तथा जीवन में संतुलन और आनंद की अनुभूति कराती है। वास्तव में साइकिल चलाना शरीर और मन दोनों का एक साथ व्यायाम है।

साइकिल शून्य-उत्सर्जन वाला वाहन है। यदि छोटी दूरी की यात्राओं के लिए लोग मोटरसाइकिल और कार के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें, तो कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। यह जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर किया जाने वाला सबसे सरल और प्रभावी प्रयास है। सामाजिक दृष्टि से भी साइकिल समानता और समावेशिता का प्रतीक है। यह अमीर और गरीब, दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाखों लोग शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने के लिए साइकिल पर निर्भर हैं। कम आय वाले परिवारों के लिए यह सबसे सुलभ और किफायती परिवहन साधन है। साइकिल सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाती है और अवसरों तक पहुँच आसान बनाती है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए साइकिल का महत्व विशेष रूप से अधिक है। एक ओर देश ऊर्जा आयात पर भारी खर्च करता है, दूसरी ओर महानगरों में यातायात और प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुके हैं। यदि साइकिल संस्कृति को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाए तो ईंधन की बचत होगी, विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी कम होगा। स्वस्थ नागरिक किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में कभी साइकिल आम जनजीवन का अभिन्न हिस्सा थी, लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति और मोटर वाहनों की बढ़ती प्रतिष्ठा ने इसे पीछे धकेल दिया। आज अनेक लोग साइकिल को केवल गरीबों का वाहन मानते हैं, जबकि विकसित देशों में साइकिल प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी जैसे देशों ने साइकिल को शहरी जीवन का केंद्र बनाया है। वहाँ अलग साइकिल लेन, सुरक्षित मार्ग और अनुकूल नीतियाँ उपलब्ध हैं। भारत को भी इस दिशा में गंभीर पहल करनी होगी। समय की माँग है कि साइकिल को केवल खेल या मनोरंजन का साधन न मानकर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग बनाया जाए। शहरों में सुरक्षित साइकिल ट्रैक, सार्वजनिक साइकिल शेयरिंग सिस्टम, कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में साइकिल उपयोग को प्रोत्साहन तथा सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन योजनाएँ विकसित की जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए तथा लोगों को इसके स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय लाभों के प्रति जागरूक किया जाए। विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि समाज साइकिल के बहुआयामी महत्व को समझे और इसे दैनिक जीवन में अपनाए।

ललित गर्ग

### अन्नामलाई के भाजपा...

अशोक भाटिया

# तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में हार जीत के बाद सभी पार्टियों में दे दना- दन

तमिलनाडु में मदुरै (मदुराइस), धरमपुरी, पेरनदुरई, त्रिची पूर्व और अंबासमुद्रम की 5 विधानसभा सीटें हाल ही में विधायकों के इस्तीफे के कारण खाली हुई हैं। इन उपचुनावों में सभी की निगाहें टिकी हैं क्योंकि अभिनेता विजय की 'तमिलगा वेत्री कड़गम' के सत्ता में आने के बाद यह पहला बड़ा चुनावी परीक्षण होगा। तमिलनाडु में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में 'तमिलगा वेत्री कड़गम' ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करके सरकार बनाई है। इन 5 उपचुनावों के परिणामों का हार पार्टी के लिए अलग अलग है व अपनी पार्टी को सुर्ख़ियों बनाए रखने की जरुरत भी । 234 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत (118) के लिए सत्तारूढ़ टीवीके को कुछ और सीटों की आवश्यकता है, जिससे इन उपचुनावों में राजनीतिक दलों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

तिरुचिरापल्ली में आयोजित रैली में विजय ने कहा कि त्रिची के लोगों का मैं विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? क्योंकि कानूनी तौर पर अब, वे मुझे पेरम्बूर का विधायक कहेंगे। लेकिन, मेरे दिल के बहुत करीब, त्रिची ही है। गौरतलब हो कि त्रिची ईस्ट सीट पर अब जल्द ही उप चुनाव होगा। राज्य में कुल पांच सीटों पर उपचुनाव होंगे। ऐसे में सीएम विजय के इस दौरे को अहम माना जा रहा था।



सीएम विजय ने यह भी साफ किया कि मैं आप में से ही किसी कॉमन मैन को ही त्रिची से उम्मीदवार बनाऊंगा। उधर दूसरी पार्टियों में उनके घर के अन्दर ही विधान सभा चुनाव के बाद से ही कुछ झगड़े या विवाद चालू है । सबसे पहले बात करें भाजपा की तो उसमें बगावत की बू आ रही है और मामला टूट तक पहुच गया है । कभी सूबे में भारतीय जनता पार्टी का सबसे आक्रामक और चमकता हुआ चेहरा रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी के। अन्नामलाई के बारे में यह खबर उड़ रही है कि वह भाजपा का दामन छोड़ सकते हैं। मीडिया और सियासी हल्कों में यह दावा किया जा रहा है कि अन्नामलाई दिल्ली दरबार के कुछ फैसलों से बेहद खफा हैं, खासकर राज्य में क्षेत्रीय दलों के साथ पार्टी के नए तालमेल को लेकर। चर्चा तो यहां तक है कि वह जून के इसी हफ्ते में अपने अगले बड़े कदम का ऐलान कर सकते हैं और अपनी खुद की नई पार्टी की घोषणा भी कर सकते हैं। आइए समझने की कोशिश करते हैं कि आखिर वो कौन से समीकरण हैं, जिन्होंने पीएम मोदी के इस सबसे भरोसेमंद सिपाही को बगावत और नई राह चुनने की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

सोशल मीडिया से लेकर चेन्नई के चाय के अड्डों तक यह अफवाह इस वक्त बेहद गर्म है कि अन्नामलाई अब किसी राष्ट्रीय पार्टी के अनुशासन के दायरे में बंधकर रहने के मूड में नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि अन्नामलाई के बेहद करीबी समर्थक और जमीनी स्तर के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर लगातार एक नई राजनीतिक लहर की बातें कर रहे हैं। यहां तक कि उनके प्रशंसक नई पार्टी के संभावित नाम, उसकी विचारधारा और तमिलनाडु की माटी से जुड़े कुछ खास प्रतीकों को भी आपस में शेयर कर रहे हैं।कहा जा रहा है कि जून के पहले या दूसरे हफ्ते में अन्नामलाई कोई बड़ा और चौंकाने वाला आधिकारिक ऐलान कर सकते हैं। द्रविड़ राजनीति के इस मजबूत गढ़ में अपनी एक अलग और बेदाग पहचान बनाने वाले पूर्व आईपीएस के चाहने वाले भी यही चाहते हैं कि वह किसी केंद्रीय गाइडलाइन के नीचे काम करने के बजाय, तमिलनाडु के युवाओं की आवाज बनकर अपनी एक अलग क्षेत्रीय पार्टी खड़ी करें। अगर ऐसा होता है, तो यह दक्षिण भारत में अपनी जड़ें मजबूत करने की कोशिश में जुटी भाजपा के लिए एक बहुत बड़ा झटका साबित हो सकता है।

अन्नामलाई के भाजपा छोड़ने की अटकलों के पीछे जो सबसे बड़ी और ठोस वजह निकलकर सामने आ रही है, वो है राज्य के बड़े क्षेत्रीय दल एआईएडीएमके के साथ भाजपा के रिश्तों का उतार-चढ़ाव। अन्नामलाई शुरू से ही इस स्टैंड पर अड़े थे कि भाजपा को तमिलनाडु में बिना किसी बैसाखी के, अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ना चाहिए और द्रविड़ राजनीति के विकल्प के रूप में उभरना चाहिए। उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान द्रविड़ पार्टियों की नीतियों पर जमकर तीखे हमले किए थे, जिससे राज्य के युवाओं में उनका क्रेज बढ़ा था।

### राजनीतिक ...

कमलेश पांडेय

# आखिर कबतक मिलेंगे 'सनातनी राष्ट्रवाद' से जुड़े ज्वलंत सवालों के निर्णायक जवाब? समझिए

भारतीय सनातनी राष्ट्रवाद से जुड़े ज्वलंत सवालों, यथा- संपूर्ण गोवंश हत्याबंदी कानून, समान नागरिक संहिता, राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (NRC), पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) मुक्ति, अविरल गंगा-निर्मल गंगा, बांग्लादेशी घुसपैठिए भगाना, कैलाश मानसरोवर मुक्ति, स्वदेशी और विकेंद्रीकरण, जनसंख्या नियंत्रण कानून, शिक्षा का भारतीयकरण, रुपये को मजबूत करना,चीन से आयात घटाना आदि पर हमारे देश में राजनीति तो बहुत हुई, लेकिन ऐसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा पिछले 12 वर्षों में भी मनोवांछित परिणाम नहीं दिया जाना आमलोगों के दिलोदिमाग को उद्वेलित कर रहा है। आम तौर पर देखा जा रहा है कि जो लोग भाजपा समर्थक नहीं हैं, उनका मनोमिजाज अब आमलोगों को इन्हीं धधकते हुए मसलों पर उकसा रहा है कि आखिर क्यों भाजपा नीत एनडीए सरकार ऐसा नहीं कर पाई, जबकि विपक्ष में रहते हुए उसने इन मुद्दों को खूब हवा दी और सत्ता तक न केवल पहुंची, बल्कि अपनी नीतियों से विपक्ष का सूपड़ा साफ करते हुए मजबूती पूर्वक आगे बढ़ रही है?

राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि भले ही भाजपा और उसके कई सहयोगी दलों में इन मुद्दों पर मतभेद रहा हो, लेकिन जब ऐसे ही समान मतभेद वाले मुद्दों जैसे- जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति मोदी सरकार करवा सकती है, सपनों में भी अकल्पनीय राम मंदिर, अयोध्या का निर्माण निर्विघ्नता पूर्वक करवा सकती है, तीन तलाक के मुद्दों पर मुस्लिम महिलाओं के हक में निर्णय दिलवा सकती है, तो फिर अन्य धधकते हुए दर्जनाधिक सवालों पर उसके बदलते पैंतरे के पीछे का सियासी, प्रशासनिक और सामाजिक-आर्थिक रहस्य भी समझना-समझाना जरूरी जान पड़ता है।



यही वजह है कि इन दर्जनाधिक सुलगते सवालों पर एक नजर मारना आवश्यक प्रतीत होता है, ताकि इनके मौलिक कारण और अपेक्षित निदान के उपायों पर जनमत को जागरूक किया जा सके। चूंकि ये तमाम प्रश्न राजनीतिक, वैचारिक और नीतिगत विषयों से जुड़े हुए हैं, इसलिए इन मुद्दों पर अलग-अलग लोगों और संगठनों की भिन्न-भिन्न राय हो सकती है। बावजूद इसके, ऐसे दूरगामी राष्ट्रीय हित से समझौता करना विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका सबके लिए घातक है।

यह बात दीगर है कि आरएसएस व उसके आनुषांगिक संगठनों की भावना के अनुरूप भाजपा के रणनीतिकारों द्वारा टुकड़े में फैसले लिए जा रहे हैं, अलग-अलग कार्रवाई दिखाई भी दे रही है, जिनका काम ही सवालों की कार्पेट बम्बार्डिंग करके भाजपा समर्थकों को दिग्भ्रमित करके अपना राजनीतिक हित साधना हो तो हमारे जैसे तटस्थ लोगों के विचार से इन्हें एक विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखना उचित होगा।

पहला, संपूर्ण गोवंश हत्याबंदी कानूनः इसके अब तक लागू नहीं हो पाने के अलग-अलग कारण हैं, जैसे- भारत में पशुपालन, कृषि और चमड़ा उद्योग से जुड़े आर्थिक हित का सवाल है।

## जरा हटके

### बैठक का एक ...

सौरभ वार्ष्णेय

# आगामी दिनों में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक के मायने



भारतीय राजनीति में विपक्षी दलों के मंच के रूप में उभरे इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक पर देश की राजनीतिक निगाहें टिकी हुई हैं। यह बैठक केवल विभिन्न दलों के नेताओं का एक औपचारिक जमावड़ा नहीं है, बल्कि विपक्ष की एकता, उसकी रणनीति और भविष्य की राजनीतिक दिशा का महत्वपूर्ण संकेतक भी मानी जा रही है। ऐसे समय में जब देश की राजनीति लगातार नए समीकरणों और चुनौतियों से गुजर रही है, यह बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण हो जाती है।

लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट किया कि विपक्ष यदि एकजुट होकर रणनीति बनाए तो वह सत्तापक्ष को कड़ी चुनौती दे सकता है। हालांकि चुनाव के बाद गठबंधन के भीतर कई मुद्दों पर मतभेदों की चर्चाएं भी सामने आईं। ऐसे में यह बैठक गठबंधन के भीतर विश्वास और समन्वय को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

बैठक का एक प्रमुख एजेंडा संसद के आगामी सत्रों में विपक्ष की संयुक्त रणनीति तय करना हो सकता है। महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, सामाजिक न्याय, संघीय ढांचे तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका जैसे मुद्दों पर विपक्ष किस प्रकार सरकार को घेरने की कोशिश करेगा, इस पर चर्चा होने की संभावना है। यदि गठबंधन इन मुद्दों पर एक स्वर में बोलने में सफल रहता है तो उसकी राजनीतिक प्रभावशीलता बढ़ सकती है।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव भी बैठक के केंद्र में रह सकते हैं। सीटों के तालमेल, चुनावी रणनीति और साझा प्रचार अभियान जैसे विषयों पर सहमति बनाना गठबंधन के लिए आसान नहीं होगा। कई राज्यों में सहयोगी दल एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी रहे हैं। इसलिए यह बैठक इस बात की भी परीक्षा होगी कि गठबंधन अपने आंतरिक मतभेदों को कितनी कुशलता से संभाल पाता है। राजनीतिक दृष्टि से यह बैठक विपक्षी नेतृत्व के प्रश्न पर भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि देश के सामने एक वैकल्पिक दृष्टि और भरोसेमंद नेतृत्व प्रस्तुत करना भी है। जनता केवल विरोध की राजनीति नहीं, बल्कि समाधान और सकारात्मक एजेंडा भी देखना चाहती है।

सत्तापक्ष के लिए भी इस बैठक के निहितार्थ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। एक मजबूत और संगठित विपक्ष लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाता है। विपक्ष की सक्रियता सरकार को अपनी नीतियों और निर्णयों पर अधिक स्पष्टता तथा जवाबदेही के लिए प्रेरित करती है। इसलिए विपक्षी एकता का प्रश्न केवल राजनीतिक दलों का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का भी विषय है।

इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक का महत्व उसके द्वारा पारित प्रस्तावों से कहीं अधिक इस बात में निहित होगा कि वह जनता के बीच कितना विश्वास पैदा कर पाती है। यदि बैठक से स्पष्ट रणनीति, मजबूत समन्वय और जनहित के मुद्दों पर ठोस दृष्टिकोण सामने आता है, तो यह विपक्ष के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बन सकती है। लेकिन यदि मतभेद और अस्पष्टता हावी रहती है, तो गठबंधन के सामने अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की चुनौती और बढ़ जाएगी। लोकतंत्र में सशक्त सरकार जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक एक सशक्त और जिम्मेदार विपक्ष भी है। इंडिया गठबंधन की यह बैठक इसी कसौटी पर परखी जाएगी।

इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक केवल सीटों के बंटवारे, चुनावी रणनीति या सरकार के खिलाफ विपक्षी एकता के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहने वाली है। हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ (टीएमसी) से जुड़े नेताओं पर हुए हमलों, पार्टी और सहयोगी दलों के बीच बढ़ती राजनीतिक दूरी तथा विपक्षी एकजुटता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण टीएमसी का मुद्दा बैठक में प्रमुखता से उठ सकता है।

टीएमसी इंडिया गठबंधन की सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय पार्टियों में से एक है। पश्चिम बंगाल में उसका मजबूत जनाधार है और राष्ट्रीय राजनीति में भी उसकी भूमिका लगातार बढ़ी है। लेकिन कई अवसरों पर टीएमसी और गठबंधन के अन्य दलों, के बीच मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यदि विपक्षी एकता को मजबूत करना है तो इन अंतर्विरोधों पर खुलकर चर्चा आवश्यक होगी।

हाल ही में टीएमसी नेताओं पर हुए हमलों और राजनीतिक हिंसा की घटनाओं ने भी चिंता बढ़ाई है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, लेकिन हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती। यदि किसी दल के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगता है, तो यह केवल उस दल का नहीं बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे का विषय बन जाता है। इसलिए संभावना है कि इंडिया गठबंधन की बैठक में राजनीतिक हिंसा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का मुद्दा भी उठे। दूसरी ओर, गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के मुकाबले एक साझा राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करने की है। यदि सहयोगी दल आपसी मतभेदों को सार्वजनिक रूप से बढ़ाते हैं, तो इसका सीधा लाभ सत्तापक्ष को मिल सकता है। इसलिए बैठक में टीएमसी से जुड़े विवादों पर चर्चा होने के साथ-साथ संवाद और समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया जा सकता है।

## आगरा में बारिश, फुटपाथ धंसा, कार-ट्रैक्टर गड्ढे में समाए, यूपी के 9 जिलों में अलर्ट

# वाराणसी में आंधी-बवंडर, गंगा नावें चलना बंद

**आंधी-बारिश**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज/आगरा। यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। वाराणसी में मंगलवार दोपहर 60 किमी प्रति घंटे की स्पीड से आंधी आई। घाट किनारे .'2r उठा। इसके चलते गंगा में नावों का संचालन रोक दिया गया है। इससे पहले आगरा में मूसलाधार बारिश हुई। करीब एक घंटे तक तेज हवा के साथ हुई बारिश से कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया।

कई जगह घर के अंदर पानी घुस गया। कई जगह सड़कें धंस गई। फुटपाथ धंसने से 25 फीट का गड्ढा बन गया। इसमें ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली समा गई। सड़क किनारे खड़ीं कारें और ट्रक भी गड्ढों में पलट गए। छीपीटोला में एक मकान गिर गया। मथुरा में सोमवार देर रात बारिश हुई। सड़कों पर पानी भर गया।




घुटनों तक पानी में श्रद्धालु गोवर्धन की परिक्रमा करते दिखे। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 9 जिलों आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि, ज्यादातर जिलों में मौसम साफ है। नमी की वजह से गर्मी से राहत है। 42°C के साथ फर्रुखाबाद सबसे गर्म शहर रहा। बुधवार को प्रदेश के 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।]60से 80 किमी तक की स्पीड से हवाएं चल सकती हैं। बिजली गिरने की भी संभावना है।वाराणसी में 60 की स्पीड से आंधी, बंदवाराणसी में मंगलवार दोपहर अचानक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल रही है। जिसके कारण नाव संचालन तत्काल बंद कर दिया गया है। घाट पर दुकानदारों ने अपनी दुकान को भी हटाया।

*लखनऊ के मौसम के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- उत्तर-पश्चिमी यूपी में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है। इससे आंधी-बारिश का दायरा सिमट गया है। कल यानी 3 जून से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। 5 जून तक यह पूरे प्रदेश को अपने जद में ले लेगा। इससे पश्चिमी और पूर्वी यूपी में छिटपुट बारिश, ओलावृष्टि और 70 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। गर्मी से राहत बरकरार रहेगी। लू के आसार नहीं हैं।*



### यूपी में अगले 5 दिन कैसा रहेगा मौसम?

3 जूनः पश्चिमी यूपी में बादल छाए रहेंगे। बिजली चमकेगी। हल्की बारिश के आसार है। पूर्वी यूपी में मौसम साफ रहेगा।

4 जूनः पश्चिमी यूपी में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पूर्वी यूपी में पारे में उछाल आएगा। गर्मी बढ़ेगी।

5 जूनः पूरे प्रदेश में बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश होगी। पारे में गिरावट के आसार नहीं है। लू से राहत बरकरार रहेगी।

6 जूनः ज्यादातर जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। हवा में नमी की वजह से तापमान स्थिर रहेगा। लू नहीं चलेगी।

7 जूनः पूरे प्रदेश में हल्की बारिश के आसार है। बीच-बीच में तेज धूप निकलेगी। इससे उमस बढ़ सकती है।

## मानसिक विक्षिप्त किशोरी से रेप करने वाले पड़ोसी को उम्रकैद

### बाबूपुरवा में बिस्कुट खिलाने का लालच देकर 6 महीनों तक किया था दुष्कर्म

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में बिस्कुट खिलाने का लालच देकर मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग के साथ रेप करने वाले पड़ोसी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पड़ोसी युवक ने किशोरी के साथ तकरीबन 6 महीनों तक रेप किया था। तबीयत बिगड़ने पर किशोरी ने परिजनों से आपबीती बयां की थी। बाबूपुरवा थाने में वादिनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि छोटी बहन की मौत के बाद वह उसकी बेटी का पालन–पोषण कर रही थी। वादिनी के मुताबिक मानसिक रूप से कमजोर भतीजी इलाके के एक स्कूल में 8वीं की छात्रा है। कुछ समय पहले भतीजी की तबीयत बिगड़ी, जांच कराने पर पता चला कि वह तीन महीने की गर्भवती है। जिस पर पीड़िता ने बताया था कि गर्मी के समय वह आंगन में सोती थी। परिजनों के सो जाने पर इलाके में रहने वाला कमालुद्दीन उर्फ मुन्ना भाई उसे बिस्कुट खिलाने का लालच देकर पास के पार्क में ले जाकर रेप की वारदात को अंजाम देता था। पीड़िता के मुताबिक करीब 6 महीनों तक आरोपी ने उसके साथ रेप किया, जिस पर वह गर्भवती हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट पवन कुमार राय की कोर्ट में ट्रायल पर था। अभियोजन की ओर से कोर्ट में 9 गवाह पेश किए गए थे। सबूतों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद व 2 लाख एक हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**फास्ट न्यूज**

### फतेहाबाद में करीब 3 किलो अफीम समेत 4 युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। यूपी से अफीम बेचने फतेहाबाद आ रहे चार युवकों को पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने पकड़ा है। युवक कार में सवार होकर फतेहाबाद की ओर आ रहे थे। इसी दौरान धांगड़ बाईपास पुल के पास एएनसी टीम ने पकड़ लिया। इनके कब्जे से दो किलो 937 ग्राम अफीम बरामद की गई है। सदर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### कांग्रेस का प्रदर्शन, 10% फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का विरोध

कानपुर। कानपुर बिजली बिलों में 10% अधिभार फ्यूल सरचार्ज लगाए जाने के विरोध में मंगलवार को कानपुर महानगर कांग्रेस ने मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन अपर मंडलायुक्त कार्यालय को सौंपा और अधिभार वापस लेने की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और भीषण गर्मी की मार झेल रही है।

### सभासद पर एफआईआर के विरोध में प्रदर्शन

सीतापुर। सीतापुर में नगर पंचायत हरगांव में ईओ और सभासद के बीच शुरू हुआ विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। ईओ श्रीश मिश्रा द्वारा सभासद ऋषभ गुप्ता के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में मंगलवार दोपहर क्षेत्र के दर्जनों सभासद जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। के एवज में 50 हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

## करणी सेना सनातन ने संगठन विस्तार में बालमुकुंद तिवारी को बनाया राष्ट्रीय प्रवक्ता

### प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार बालमुकुंद तिवारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

तमसा संकेत, संवाददाता

प्रयागराज। करणी सेना सनातन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार एव उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रांतीय कोषाध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी को राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है।यह मनोनयन करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष सिंह राजा ने की है!

उनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं और पत्रकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स (उपज) एसोसिएशन परिवार के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका अभिवादन व पुष्प देकर सम्मानित किया है उपज



परिवार ने बालमुकुंद तिवारी को दी गई इस राष्ट्रीय जिम्मेदारी के लिए करणी सेना नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है इस अवसर पर APN न्यूज संपादक प्रसून शुक्ला ,उपज प्रांतीय महामंत्री आनंद कर्ण , विशेष आमंत्रित सदस्य केशवा नन्द त्रिपाठी, उपज जिला अध्यक्ष मथुरा अतुल जिंदल, बैसवारा कावरिया संघ के अध्यक्ष हेमंत अग्रहरि, मुकेश उपाध्याय,दिनेश चौधरी,आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर APN न्यूज के संपादक प्रसून शुक्ला, उपज प्रांतीय महामंत्री आनंद कर्ण, विशेष आमंत्रित सदस्य केशवानंद त्रिपाठी, उपज जिला अध्यक्ष मथुरा अतुल जिंदल, बैसवारा कांवड़िया संघ के अध्यक्ष हेमंत अग्रहरि, मुकेश उपाध्याय, दिनेश चौधरी सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

## घर से बदबू आने पर पता चला, पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची, बेटा लापता

# पति-पत्नी और बेटी की हत्या

- मिनाक्षी गिफ्ट गैलरी नाम से दुकान, इसी दुकान को बेटी चलाती थी।
- तीन लाश मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।
- साउथ मलाका हीवेट रोड पर इसी मकान में तीन लाश मिली है।

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज। प्रयागराज में एक घर में पति-पत्नी और उनकी बेटी की लाश मिली। मकान पिछले दो दिनों से बंद था। वहां से बदबू आने पर पड़ोसियों ने 112 पर जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा। पहले तो पिता और बेटी की लाश मिली। पास में ही उनकी पत्नी की भी लाश मिली। तीनों के सिर पर जख्म के गहरे घाव मिले। मामला कोतवाली क्षेत्र के साउथ मलाका हीवेटे रोड का है। हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने जांच के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचने की बात कही है। डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि मौके पर पति-पत्नी और बेटी की लाश मिली है। पिता की उम्र 70 साल, उनकी पत्नी की उम्र 65 साल और बेटी की उम्र 40 साल है। बेटा अभिषेक है, वह नहीं मिला है। वह कहां है, इसका पता किया जा रहा है। साउथ मलाका चौराहा हीवेट रोड पर वीरेंद्र कुमार वैश्य (70) का दो मंजिला मकान है। उसमें निचले हिस्से में 14 दुकानें हैं। 13 दुकानें किराया पर हैं। ऊपरी हिस्से में वह परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी अनीता के अलावा बड़ी बेटी मिनाक्षी, बेटा अभिषेक भी साथ रहता है। इनका एक और बेटा है, जो सबसे छोटा है। वह पिछले कई सालों से लापता है। मकान के निचले हिस्से में जो 14 दुकानें हैं, उनमें से एक दुकान को उनकी अविवाहित बड़ी बेटी मिनाक्षी चलाती है। वह गिफ्ट से जुड़े सामान बेचती है। उसी दुकान पर खुद वीरेंद्र वैश्य भी बैठा करते थे। बेटा अभिषेक फ्लोर क्लीनिंग के काम से जुड़ा है। वह पिछले तीन-चार दिन से आसपास के लोगों को नहीं दिखा है।

### बदबू आई तो पड़ोसियों ने पुलिस बुलाई

सोमवार की दोपहर करीब 03:00 बजे घर से तेज बदबू आई तो पड़ोसियों को शक हुआ। डायल 112 से पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस पहुंची तो निचली मंजिल से ऊपर जाने का रास्ता खुला हुआ था।

ऊपर पहुंचने पर वहां गेट बंद मिला। बाहर से ताला लगा हुआ था। पुलिस ताला तुड़वाकर ऊपरी मंजिल पर पहुंची।

वहां एक कमरे में बेड पर तीनों की लाश पड़ी मिली। तीनों के सिर पर चोट के निशान थे। सिर से बहा हुआ खून बिस्तर पर सूखा पड़ा मिला। पुलिस तीनों लाश को कब्जा में लेकर मौके पर जांच कर रही है।

## सूरतगंज क्षेत्र में हुए भव्य भंडारे

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सूरतगंज ब्लॉक परिसर में चौथे बड़े मंगल के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन सूरतगंज ब्लॉक परिवार द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख लकी सिंह और खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ किया। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। आयोजन स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस भंडारे में ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और



क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी सेवा कार्यों में योगदान दिया। इसी क्रम में सूरतगंज पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा के द्वारा मंगलवार शाम भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही सूरतगंज क्षेत्र के बरैय्या, बल्लोपुर और ककरहा घाट सहित कई गांवों और धार्मिक स्थलों पर भी बड़े मंगल के उपलक्ष्य में भंडारों का आयोजन किया गया।

## छात्रा से रेप में आईआईटी पास साधु गिरफ्तार

### ऑनलाइन प्रवचन करके अमीर लड़कियां फंसाता, मोबाइल में मिले अश्लील वीडियो

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा में छात्रा से रेप के आरोप में IIT पास इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है। उसका असली नाम अभिषेक मिश्रा (29) है। साधु बनने के बाद नाम बदलकर आदिकर्ता नारायण दास रख लिया। साधु पर छत्तीसगढ़ की 22 साल की लड़की ने रेप का आरोप लगाया है। पीड़ित बीएससी नर्सिंग की छात्रा है। उसने बताया कि अभिषेक मिश्रा ने प्रसाद के नाम पर नशीला दूध पिलाया, फिर रेप करके फोटो-वीडियो बनाए। ब्लैकमेल करने लगा और 5 लाख रुपए मांगे। न देने पर वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी दी। 25 मई को छात्रा ने मथुरा SSP से शिकायत की। उसी दिन थाने में केस दर्ज हुआ। 1 जून को आरोपी को राधाकुंड स्थित उसके मकान से पकड़ा गया। उसके साथ दो युवतियों और एक लड़के को भी पकड़ा गया। पुलिस को



आरोपी के मोबाइल से 12 से ज्यादा युवक-युवतियों के अश्लील फोटो मिले हैं। शुरुआती जांच में पता चला कि वह यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर ऑनलाइन प्रवचन देता था। इसके बाद कई लोग उसके प्रभाव में आकर उससे संपर्क करते थे। शुरुआत में वह लोगों से ज्ञान और धर्म की बातें करता था, लेकिन उसके टारगेट पर पढ़ी-लिखी, अमीर और बड़ी कंपनियों में जॉब करने वाली युवतियां रहती थीं। कुछ दिन ऑनलाइन प्रवचन देने के बाद वह उन्हें जाल में फंसाता था, फिर मथुरा बुलाता और कुछ दिन साथ में घूमता था। इसके बाद प्रसाद के नाम पर नशीला पदार्थ देकर वह शारीरिक संबंध बनाता था। फोटो-वीडियो भी बना लेता था। पुलिस ने आरोपी को मजिस्ट्रेट के आदेश पर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। उसने हालचाल पूछा और फिर वहां से चला गया। इसके बाद रात 9 बजे वह दोबारा कमरे में आया। एक गिलास में दूध देते हुए बोला कि यह भगवान का प्रसाद है, इसे पी लो। मैंने मना कर दिया, क्योंकि मुझे दूध से एलर्जी है। लेकिन अभिषेक मुझसे जिद करने लगा। बोला- भगवान का प्रसाद है।

> **पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया- मैं मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला हूं। पांच साल पहले क्क्ळ रुड़की से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में इ.ळ्रूं पास किया। फिर एक कंपनी में 20 लाख के पैकेज पर नौकरी की। नौकरी छोड़कर मथुरा आ गया। यहां तीन साल से रह रहा हूं। पहले गोवर्धन के राधाकुंड में किराए पर मकान लिया, फिर बाद में मकान खरीद लिया।**



ये तस्वीर 25 मई की है, जब छत्तीसगढ़ की छात्रा एसएसपी दफ्तर शिकायत करने पहुंची थी।

### छात्रा बोली- आरोपी ने जबरन दूध पिलाया और संबंध बनाए

25 मई को युवती अपने पिता के साथ SSP श्लोक कुमार के ऑफिस पहुंची। उसने शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया- मैं छत्तीसगढ़ की रहने वाली हूं। बीएससी नर्सिंग थर्ड सेमेस्टर की पढ़ाई करती हूं। मेरी बहन मथुरा में IOCL में इंटर्नशिप कर रही है। वह साधु अभिषेक मिश्रा के मकान में किराए पर रहती है। शिकायत में बताया गया है कि 17 मई को मेरा जन्मदिन था।

**वारदात : 10 दिन पहले अगवा किया था, सिर नहर में फेंका, पत्नी और सौतेले बेटे का पता नहीं**

## मुजफ्फरनगर रॉकी हत्याकांड : सिर काटकर खेत में दफनाया



- आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने खेत से रॉकी का धड़ बरामद किया। बादल का दोस्त शुभम भी फरार है, जिसकी जमीन में धड़ दफनाया गया था।

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में 14 दिनों से लापता विकसित उर्फ रॉकी (37) हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सोमवार रात करीब 8 बजे मुठभेड़ के दौरान आरोपी मोंटी त्यागी को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में




उसके दोनों पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, मोंटी त्यागी रॉकी के सौतेले बेटे बादल का दोस्त है। बादल, उसकी पत्नी निशा, मां रेणु और मोंटी ने मिलकर हत्या की साजिश रची। रॉकी का पहले अपहरण किया गया। फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

### पत्नी के साथ निकला था, फिर नहीं लौटा

सिखेड़ा थाना क्षेत्र के बेहड़ा अस्सा गांव निवासी रॉकी खेती करता था। पहली पत्नी से तलाक के बाद वह बागपत के बड़ौत में एक कार शोरूम में नौकरी करने लगा। इसी दौरान उसकी मुलाकात रेणु (42) से हुई, जो दाह बावली की रहने वाली थी। रेणु के पहले पति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद रॉकी और रेणु के बीच नजदीकियां बढ़ीं और दोनों ने वर्ष 2019 में शादी कर ली। रॉकी के पिता मगन सिंह ने बताया- 18 मई को रॉकी अपनी पत्नी रेणु के साथ घर से निकला था। रेणु ने परिवार को बताया था कि वे बागपत और ऋषिकेश जा रहे हैं।

### मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी ने किया खुलासा

सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि भोपा थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव के जंगल में एक संदिग्ध व्यक्ति है। सूचना के आधार पर सिखेड़ा और भोपा थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

### बागपत में हत्या, मुजफ्फरनगर में ठिकाने लगाया शव

आरोपी मोंटी त्यागी ने खुलासा किया कि रॉकी को पहले अगवा किया गया। फिर बागपत के बड़ौत क्षेत्र में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को स्कॉर्पियो से मुजफ्फरनगर लाया गया।

## मेरे साथ संबंध बनाओ, सभी इज्जत करेंगे : ससुर

### गोरखपुर में पति ने भी जबरन बनाए रिलेशन, दुल्हन बोली- देवर भी करता है बैड टच

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में शादी के 2 महीने बाद एक नवविवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और देवर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दुल्हन का कहना है कि शादी के बाद ससुराल पहुंचने पर पहली ही रात पति ने मेरे पिता को गालियां दीं। विरोध करने पर मुझे बेरहमी से पीटा और जबरन सुहागरात मनाई। दुल्हन का आरोप है कि पति ने धमकी दी कि ऐसे ही रोज पहले तुम्हें पीटूंगा और फिर संबंध बनाऊंगा। कुछ समय बाद मेरे मेरे ससुर भी मेरे साथ गंदी हरकतें करने लगे। जब मैं सो रही होती थी, तो वह कमरे में घुसकर मुझे छूते। कहा कि मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाओ, घर में सभी इज्जत करेंगे।



वहीं, देवर ने कमरे में घुसकर मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। पीड़िता ने सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला गोरखनाथ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। रात के समय पति कमरे में आकर बोला- तुम्हारे बाप ने मेरी बेइज्जती कर दी। मैंने पूछा क्यों क्या किया। इस पर मुझे बेरहमी से पीटने लगा।

### *शादी में 99 लाख 88 हजार रुपए खर्च हुए*

*गोरखनाथ इलाके में रहने वाले 25 साल की युवती ने पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में बताया- 10 दिसंबर 2025 को शाहपुर के एक लड़के से मेरी इंगेजमेंट हुई थी। शहर के बड़े लॉन से सारा कार्यक्रम हुआ था।*

*इसके बाद 7 मार्च 2026 को राजेंद्र नगर के एक रिजॉर्ट में मेरी शादी हुई। मेरे पिता ने शादी में करीब 99 लाख 88 हजार रुपए खर्च किए। शादी के अगले दिन 8 मार्च को विदा होकर शाहपुर स्थित ससुराल पहुंची।*

### पत्नी अनुष्का भी साथ थीं, वृंदावन आश्रम में दोनों नंगे पैर चलते नजर आए

# विराट कोहली आईपीएल जीतने के बाद प्रेमानंदजी से मिलने पहुंचे

**दर्शन**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। IPL जीतने के बाद क्रिकेटर विराट कोहली और पत्नी अनुष्का शर्मा ने वृंदावन में संत प्रेमानंद के दर्शन किए। दोनों मंगलवार सुबह 7 बजे केली कुंज आश्रम पहुंचे। चेहरे पर मास्क लगाकर कार से उतरे और नंगे पांव आश्रम के अंदर गए। संत प्रेमानंद के शिष्यों ने उनकी अगवानी की। दोनों 2 घंटे तक आश्रम में रहे। बाहर आए तो विराट के माथे पर चंदन और त्रिपुंड लगा था। उनके हाथ में एक किताब भी थी। प्रेमानंदजी से मिलने के बाद 150 मीटर दूर दोनों बड़े गुरु हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम पैदल पहुंचे। यहां हित गोविंद शरण महाराज के दर्शन किए। इससे पहले, विराट और अनुष्का ने इसी साल 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन भी संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए थे और सत्संग सुना था।



- क्रिकेटर विराट कोहली, पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे।
- आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज के शिष्यों ने विराट और अनुष्का की अगवानी की।
- विराट-अनुष्का केलीकुंज आश्रम से 150 मीटर दूर बड़े गुरु हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम भी गए। दोनों नंगे पैर ही चले।



**7वीं बार प्रेमानंदजी से मिलने पहुंचे विराट-अनुष्का**

विराट और अनुष्का ने अब तक 7 बार संत प्रेमानंद से मुलाकात की है। दोनों पहली बार 4 जनवरी 2023 को संत प्रेमानंद से मिले थे। 3 साल में दोनों की यह 7वीं और इस साल तीसरी मुलाकात है। अप्रैल से पहले 16 फरवरी को बेटे अकाय के जन्मदिन के बाद भी दोनों यहां आए थे। 2025 में भी यह कपल तीन बार आश्रम पहुंचा था। जनवरी में बच्चों के साथ पहुंचे। इसके बाद मई और दिसंबर में प्रेमानंदजी के दर्शन किए।

# छात्रा समेत 3 लोगों ने किया सुसाइड

## संपत्ति विवाद में लगाया हत्या का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में 24 घंटे के भीतर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा समेत 3 लोगों ने फंदा लगाकर जान दे दी। ये घटनाएं नौबस्ता, सचेंडी और स्वरूप नगर थानाक्षेत्रों में हुई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। सचेंडी थानाक्षेत्र के जुगराजपुर, चकरपुर गांव निवासी सिक्योरिटी गार्ड महेंद्र वीर सिंह ने बताया कि परिवार में पत्नी रूबी और 2 बच्चे उत्कर्ष और दिव्यांशी (17) थी। दिव्यांशी ने इसी साल 96 प्रतिशत अंकों के साथ हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी पिता ने बताया कि सोमवार सुबह वह पत्नी और बेटे के साथ सचेंडी निवासी ससुर समर




को देखने के लिए गए थे। जबकि बेटी दिव्यांशी घर पर अकेली थी। दोपहर एक बजे बेटी को 3 बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। शाम करीब 4 बजे घर पहुंचने पर देखा कि दरवाजा खुला हुआ था। वह अंदर कमरे में पहुंचे तो बेटी का शव फंदे से लटकता मिला। पिता ने परिवारिक लोगों पर बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि संपत्ति विवाद में परिवारिक लोगों ने घटना को अंजाम दिया है।

**फास्ट न्यूज**

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

मुरादाबाद। मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र स्थित काशीराम नगर में एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रही 85 वर्षीय वृद्धा को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, काशीराम नगर निवासी कैलाशो देवी (85 वर्ष) पत्नी चुन्नीलाल रविवार सुबह लगभग 9:57 बजे सड़क पार कर रही थीं।

### भाकियू ने प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

बरेली। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने मंगलवार को बरेली जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। जिलाध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह के नेतृत्व में किसानों ने नगरिया विक्रम सहकारी समिति में फर्जी ऋण दर्ज होने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि करीब 100 किसानों के खातों में फर्जी ऋण दर्ज किए गए।

जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए। किसानों का दावा है कि उन्हें वर्षों तक इन ऋणों की जानकारी नहीं दी गई।

### लेबर प्रदर्शन और वैश्विक संकट से उद्योग बेहाल

कानपुर। कानपुर की दादानगर इंडस्ट्री 50 फीसदी खत्म हो गई है। बीते 5 दशक में ऐसा कभी इंडस्ट्री की ऐसी हालत नहीं हुई। फैक्ट्री मालिक मजबूर हैं कि वो कारोबार बंद कर दें। बीते तीन महीनों में जिस तरह से युद्ध के बाद वैश्विक हालात हुए हैं, उससे पेट्रोल, डीजल और गैस का संकट हुआ। इससे तो हालात खराब हुए ही और अब मजदूरों को भड़काने का काम किया जा रहा है, जिससे वे प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे इंडस्ट्री पर संकट और भी बढ़ गया है।

### सैमुअल दिल्ली में सहदेव यादव बनकर रह रहा था, 50 हजार रुपए का था इनाम

# आगरा-पुलिस ने एआई से पकड़ा 25 साल से फरार आरोपी

- पुलिस ने एआई से तैयार फोटो की मदद से आरोपी को पकड़ा।

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा पुलिस ने 25 साल से फरार चल रहे लूट और युवती को भगाने के आरोपी को एआई की मदद से पुलिस ने छह महीने की मेहनत के बाद दिल्ली से पकड़ा। 25 साल में आरोपी ने कई बार अपने ठिकाने और नाम बदले। मगर, ड्राइविंग लाइसेंस और कार के चालान से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस रिकॉर्ड से उसका 25 साल पुराना फोटो निकाला। एआई की मदद से उसे वर्तमान में कैसा दिखता है, वैसा



बनाया गया। इसके बाद उसे फोटो को पुलिस रिकॉर्ड व अन्य जगह पर डालकर सर्च किया गया। पुलिस को फोटो से मिलता जुलता एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला। ड्राइविंग लाइसेंस सहदेव सिंह यादव के नाम पर था। पुलिस ने जब लाइसेंस की डिटेल निकाली तो पता चला कि इस लाइसेंस पर दिल्ली में कार के कई चालान हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने कार के नंबर से डिटेल निकाली। डिटेल में पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली कि जिस लड़की को




भगाने का मुकदमा दर्ज है, कार उसके नाम पर रजिस्टर्ड है। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद नाई की मंडी पुलिस की टीम दिल्ली गई।

> डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि आगरा के नाई की मंडी थाने में दर्ज मुकदमे में आरोपी सैमुअल 25 साल से फरार था। उस पर 50 हजार रुपए का इनाम भी था। पिछले 6 महीने से नाई की मंडी पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए जुटी थी।

# कानपुर में 3 दिन का जल संकट

## काकादेव, पांडुनगर और गीतानगर में पानी की सप्लाई ठप रहेगी, 1 लाख की आबादी होगी प्रभावित

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में तीन दिन तक एक लाख की आबादी को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ेगा। शहर के काकादेव, नवीननगर, गीतानगर, पांडुनगर और आसपास के इलाकों में पेयजल संकट रहेगा। इस दौरान जलकल विभाग क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत कराएगा।

जलकल विभाग के अनुसार जोन-6 के अंतर्गत राजापुरवा मलिन बस्ती में नगर निगम की ओर से जल निकासी के लिए पाइप लाइन डाली जा रही थी। इसी दौरान बेनाझाबर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) से काकादेव जोनल पंपिंग स्टेशन को भरने वाली पीएसी पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

पाइप लाइन की मरम्मत के लिए जलकल विभाग को तीन दिन का समय लगेगा, जिसके कारण काकादेव जोनल पंपिंग स्टेशन से




होने वाली जलापूर्ति 2 से 4 जून तक बंद रहेगी। जलकल के अधिशासी अभियंता के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल संकट को कम करने के लिए टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर क्षेत्रीय लोग टैंकर मंगाने के लिए विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। पेयजल टैंकर की आवश्यकता होने पर जोन-6 के अधिशासी अभियंता के मोबाइल नंबर 9235553836, अवर अभियंता के मोबाइल नंबर 7565004601 तथा जलकल विभाग के कंट्रोल रूम के नंबर 9235553826 और 9235553827 पर संपर्क किया जा सकता है।


### पांच राज्यों में सफल चुनाव के बाद आशीर्वाद लेने आया

# मुख्य चुनाव आयुक्त ने मंदिर में दर्शन किए

- मुख्य चुनाव आयुक्त ने पिता डॉ. सुबोध कुमार का हाथ थामकर आरती की। वह 45 मिनट तक मंदिर में रहे।

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार आगरा पहुंचे हैं। मंगलवार सुबह 6:30 बजे उन्होंने पत्नी और माता-पिता के साथ कैलाश महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। पिता का हाथ थामकर आरती की। दुग्धाभिषेक किया। करीब 45 मिनट तक मंदिर में रहे। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव भी पारदर्शी होंगे। शुद्ध मतदाता सूची ही पारदर्शी चुनावों की आधारशिला है,



इसलिए देश के लोगों को वोटर आईडी कार्ड बनवाना चाहिए और चुनावों में मतदान करना चाहिए। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त मनकामेश्वर महादेव मंदिर जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त सोमवार शाम 5:30 बजे दिल्ली से आगरा पहुंचे थे। सबसे पहले विजय नगर स्थित अपने पैतृक आवास पहुंचे। पिता डॉ. सुबोध कुमार और मां सत्यवती के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों से मुलाकात भी की।

> मंदिर के बाहर मीडियाकर्मियो से मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- पांच राज्यों (प. बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम्, पुडुचेरी) में सफल चुनाव संपन्न होने के बाद पत्नी अनुराधा के साथ आगरा आया हूं। पिता और मां का आशीर्वाद लिया, इसके बाद महादेव की पूजा की।

# पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या

## भाई के साथ कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे थे, हमलावरों ने 25 राउंड गोली बरसाई

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में कोर्ट से गवाही देकर कार से गांव लौट रहे सगे भाइयों पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। कार पर करीब 25 राउंड फायर किए गए। गोली उपेन्द्र उर्फ़ मालिक यादव की बाजू में और पूर्व प्रधान अवनीश यादव के सीने में लगी। गोली लगते ही दोनों वहीं खून से लथपथ तड़पने पर लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां डॉक्टरों ने अवनीश को मृत घोषित कर दिया। वारदात सोमवार रात इटावा-आगरा स्टेट हाईवे पर जैतपुर के प्यारम्पुरा गांव की है। शाहपुर गुर्जर गांव के इंद्रराज यादव और उपेन्द्र उर्फ मालिक यादव के बीच प्रधानी के चुनाव की रंजिश चली आ रही है। बताया गया है कि उपेन्द्र उर्फ मालिक यादव और पूर्व प्रधान

*पूर्व प्रधान अवनीश के भतीजे टिंकू ने बताया- गांव के लोगों से विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में सोमवार को चाचा उपेंद्र और अवनीश गवाही देने कोर्ट गए थे। शाम को शाहपुर गुर्जर गांव में आने के बाद दोनों ने बुलडोजर से खेत पर काम कराया।*

*डीसीपी पूर्वी जोन अभिषेक अग्रवाल ने बताया- प्रधानी की रंजिश में हत्या की बात सामने आई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमें लगा दी गई हैं।*




अवनीश यादव अपने जैतपुर स्थित घर पर रहते हैं। इसके बाद रात 8 बजे अपनी कार से जैतपुर लौट रहे थे। जैसे ही गढ़ी प्रताप पुरा से आगरा-इटावा स्टेट हाइवे पर आए, दो बाइक और कार में सवार लोग पीछे लग गए। हमलावरों ने कार को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग की।

**रंजिश की वजह से गांव से बाहर रहते थे पूर्व प्रधान**

*पुलिस जांच में सामने आया है कि शाहपुर गुर्जर गांव में प्रधानी चुनाव को लेकर अवनीश यादव और इंद्राज यादव पक्ष के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। अवनीश वर्ष 2016 में ग्राम प्रधान रह चुके थे, जबकि वर्तमान में इंद्राज यादव प्रधान हैं। दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक वर्चस्व को लेकर लगातार तनाव बना हुआ था।*



इटावा-आगरा स्टेट हाईवे पर जैतपुर के प्यारम्पुरा गांव में फायरिंग में घायल उपेन्द्र उर्फ़ मालिक यादव

**24 जनवरी को भी हुआ था हमला**

चित्राहाट के शाहपुर गुर्जर गांव में 24 जनवरी को प्रधानी के चुनाव की रंजिश में उपेन्द्र सिंह उर्फ मालिक यादव को कमर में तमंचे से गोली मारी गई थी। कुल्हाड़ी से सिर फोड़ दिया था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### सीबीएसई के...

उधर, CBSE के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक हुआ। CBSE के अनुसार, 2 मिनट में 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। हालांकि, साइबर अटैक के बावजूद पोर्टल काम करता रहा और दोपहर 3 बजे तक 16 हजार से ज्यादा छात्रों ने आवेदन कर दिया। यह पोर्टल सोमवार से शुरू होना था। दरअसल, 13 मई को CBSE ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया था। इस बार पहली बार कॉपियां कंप्यूटर स्क्रीन (OSM सर्विस) पर चेक की गई थीं। रिजल्ट आने के बाद कई छात्रों ने नंबरों को लेकर शिकायत की, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई है। सार्थक सिद्धांत ने संसद की स्थायी समिति के सामने OSM प्रणाली के लागू होने और इसके टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी बात रखी। सार्थक सिद्धांत ने कहा, 'मेरे ब्लॉग के अनुसार कम से कम 15 खामियां हैं।' इसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने CBSE से कोएम्प्ट (COEMPT) को टेंडर देने को लेकर बोर्ड से रिपोर्ट मांगी। संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया, 'सार्थक ने समिति के समक्ष अपनी बात रखी है। अब समिति उनके उठाए गए मुद्दों और CBSE के जवाबों पर विचार करेगी।'

### गुजरात में 2 बसों...

दोनों ही बसें स्पीड में थीं। इनमें एक बस में सड़क किनारे पलटते ही आग लग गई। सभी घायलों को बारडोली के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। कलेक्टर तेजस पटेल ने दुर्घटना के बारे में बताया कि यह हादसा शाम 4:30 बजे हुआ। 17 घायलों का इलाज बारडोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में किया जा रहा है और उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। घायलों को तीन अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों द्वारा किया जा रहा है। 7 घायलों को सूरत सिविल अस्पताल रेफर किया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है।

### 'माफिया और मच्छर...

सीएम योगी ने कहा कि अब यह फाजिलनगर नहीं कहा जाएगा बल्कि पावागढ़ के रूप में हम इसे मान्यता देने जा रहें हैं. भगवान महावीर के नाम से इसका नाम होगा, क्यों हम फ़ाज़िल कहेंगे. कुशीनगर को लेकर सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले पहचान का संकट था. जंगल पार्टी का यहां आतंक था, महली माफियाओं का बोल बाला था. किसानों की भी बुरी स्थिति थी. क्या कोई ये सोचता भी था कि गरीब को फ्री में राशन मिलेगा. उन्होंने कहा कि इस फाजिलनगर विधानसभा में मुझे कई बार आना पड़ा था, कसया विधानसभा में भी आता था, जब भूख से मुसहरों की मौत होती थी. सीएम योगी ने कहा कि आज से 9 साल पहले कुशीनगर की यही सच्चाई थी. यह पिछली सरकारों के पाप के कृत्य थे,कि गरीब भूख से मर रहा,नौजवान बेरोजगार घूम रहा, किसान आत्महत्या करने को मजबूर था. आम जनता माफिया और अपराधियों से परेशान थी. राज्य के अंदर कोई सुविधा नहीं थी और बाहर पहचान का संकट था. त्योहार आते ही दंगे शुरू हो जाते थे.सीएम योगी ने कहा कि पडरौना में डोल मेला के मौके पर भी दंगे हुए. न्याय मांगने वालों को देवरिया जेल भेज दिया गया, मैं देवरिया जेल से उनको छुड़ाकर लाया था. उन्होंने कहा कि सरकार ने मच्छर की तरह माफिया को भी खत्म कर दिया. मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी लाता था.

### पहलगाम हमले में...

NIA ने Redmi 9T मोबाइल के IMEI नंबर के आधार पर Xiaomi Global से संपर्क किया। मोबाइल की सप्लाई हिस्ट्री मांगी। कंपनी के रिकॉर्ड के मोबाइल 1 जनवरी 2021 को पाकिस्तान पहुंचे बड़े कंसाइनमेंट में शामिल था। कराची की कंपनी Tech Sirat Pvt Ltd ने इसे इम्पोर्ट कराया था। रिकॉर्ड के मुताबिक कंसाइनमेंट की फंडिंग और लॉजिस्टिक व्यवस्था कराची की ही Faysal Bank ने की थी। डिलीवरी का पता भी बैंक के हेड ऑफिस St/02, Faysal House, Main Branch, Shahrah-e-Faisal, Karachi, Pakistan लिखा था। इस बैंक का नाम पहले भी आतंकवाद से जुड़े मामलों में सामने आ चुका है। कुछ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि प्रतिबंधित आतंकी और अन्य संगठनों के अकाउंट इस बैंक में थे। हालांकि बैंक ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि प्रतिबंध लगते ही संबंधित खातों पर एक्शन लिया गया है। NIA के मुताबिक डिलीवरी के 4 साल बाद यानी साल 2025 में मोबाइल एक्टिव हुआ। बाद में पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के पास मिला। अधिकारियों का मानना है कि यह महज संयोग नहीं है। इस फोन को शुरू से ही किसी खास मकसद के लिए अलग रखकर सुरक्षित रखा गया था और जरूरत पड़ने पर आतंकियों को सौंपा गया। NIA ने बताया कि दूसरे फोन Redmi Note 12 साथ भी यही पैटर्न सामने आया है। इसे 2023 में पाकिस्तान की Air Link Communications Limited ने इम्पोर्ट किया था। यह कंपनी लाहौर में है। पाकिस्तान में मोबाइल डिस्ट्रीब्यूटर के क्षेत्र की बड़ी कंपनी है। यह फोन भी इम्पोर्ट के बाद लंबे समय तक इस्तेमाल नहीं किया गया। इसे भी पहलगाम हमले से ठीक पहले एक्टिव किया गया था। दोनों ही फोन से कोई कॉल रिकॉर्ड, मैसेज, सोशल मीडिया चैट और इंटरनेट कम्युनिकेशन डेटा नहीं मिला। जांच के मुताबिक आतंकी मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की बजाय लंबी दूरी की रेडियो कम्यूनिकेशन टेक्निक का इस्तेमाल कर रहे थे। यह टेक्निक मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट से अलग होती है। कई किलोमीटर दूर तक सेफ कम्यूनिकेशन की सुविधा देती है। इसी कारण मोबाइलों से कोई डेटा नहीं मिला। NIA ने बताया था कि पहलगाम आतंकी हमले के आरोपी आतंकियों के पास से अमेरिकी कंपनी GoPro का कैमरा बरामद हुआ था, जो चीन के रास्ते लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के आतंकियों तक पहुंचा था। जांच एजेंसी का मानना है कि इस कैमरे का रास्ता समझने से उन नेटवर्कों का खुलासा हो सकता है, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों तक फंड, उपकरण और दूसरे संसाधन पहुंचाते हैं। यह हाई-टेक कैमरा पिछले साल जुलाई में पहलगाम हमले के बाद दाचीगाम के जंगलों में हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों से बरामद हुआ था। NIA अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन हमलों की रिकॉर्डिंग और बाद में प्रचार के लिए बॉडी कैमरा और एक्शन कैमरा जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। आतंकियों के पास कैमरा कैसे पहुंचा, इसके लिए NIA ने अमेरिकी कंपनी GoPro Inc. से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि यह कैमरा चीन में हमारे ऑथराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर को भेजा गया था। अब जांच की जा रही है कि चीन से यह कैमरा आतंकियों तक कैसे पहुंचा। अधिकारी गुप्त खरीद नेटवर्क, बिचौलियों और इसमें शामिल लोकल सपोर्ट की जांच कर रहे हैं। NIA ने 15 दिसंबर 2025 को पहलगाम अटैक केस में चार्जशीट दाखिल की थी। इसके डिटेल हाल ही में सामने आई। इसमें खुलासा हुआ है कि कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा है। जो पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है। साजिद जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। हमले के दौरान उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान भी वह लगातार आतंकियों से बात कर रहा था।

## नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहा- पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको

# 'लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज'

**दावा**

तेल अवीव, एजेंसी

ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने



नेतन्याहू को फोन किया।

सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा-तुम पागल हो गए हो क्या? आखिर तुम कर क्या रहे हो। मेरा एहसान मानो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे नाराज है। हर कोई इजराइल से भी नाराज है। फ्रांस लगातार कूटनीतिक समाधान और संघर्षविराम के पालन की वकालत करता रहा है। पेरिस का मानना है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए सैन्य कार्रवाई के बजाय राजनीतिक संवाद और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का सम्मान जरूरी है। विशेषज्ञों के अनुसार, फ्रांस का यह बयान लेबनान में तनाव कम करने और संघर्षविराम को प्रभावी बनाने के लिए बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव का संकेत माना जा रहा है। ईरानी वार्ता टीम के करीबी बताए गए सूत्र ने कहा कि अमेरिका के समझौतों और प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने के पिछले रिकॉर्ड के कारण ईरान इस मामले में बेहद सतर्क रुख अपना रहा है।

**अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प खास तौर पर इस बात से परेशान थे कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतें गिराई जा रही हैं।**

### लेबनान में इजराइली मौजूदगी पर फ्रांस का सवाल

फ्रांस के विदेश मंत्री जां-नोएल बारो ने कहा है कि लेबनान के भीतर इजराइली सैनिकों की लंबे समय तक मौजूदगी को किसी भी आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्षविराम पर सहमति की घोषणा की है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच झड़पें जारी हैं। मंगलवार को फ्रांस टीवी से बातचीत में बारो ने कहा कि लेबनानी क्षेत्र में इजराइल की सैन्य कार्रवाई और उसकी निरंतर मौजूदगी का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा, कुछ भी ऐसा नहीं है जो सैन्य अभियानों की निरंतरता और लेबनान के भीतर इजराइल के लंबे समय तक बने रहने को सही ठहरा सके। अमेरिका ने हाल ही में घोषणा की थी कि इजराइल और हिजबुल्लाह लड़ाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच रातभर झड़पों और हमलों की खबरें सामने आईं, जिससे संघर्षविराम की स्थिति पर अनिश्चितता बनी हुई है। लेबनान-इजराइल सीमा क्षेत्र पिछले कई महीनों से तनाव का केंद्र रहा है। गाजा युद्ध के बाद दोनों पक्षों के बीच सीमा पार हमले और जवाबी कार्रवाई तेज हुई है, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।



लेबनान के दक्षिणी शहर टायर में 1 जून को इजराइली हवाई हमले के बाद बचावकर्मी घटनास्थल पर काम करते हुए।

### अमेरिका के साथ संभावित समझौते पर ईरान सतर्क: अंतिम मसौदे की समीक्षा जारी

ईरान अमेरिका के साथ संभावित MoU के अंतिम मसौदे की समीक्षा कर रहा है और अभी तक उसने कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं भेजी है। यह जानकारी मंगलवार को ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने वार्ता से जुड़े एक सूत्र के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी वार्ता दल दस्तावेज़ की शर्तों और प्रावधानों का विस्तार से अध्ययन कर रहा है। समीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तेहरान अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया देगा।

# इबोला की वैक्सीन विकसित करने के लिए दिए जाएंगे 60 मिलियन डॉलर

## मॉडर्ना और दो अन्य समूहों को दी गई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

महामारी की तैयारी संबंधी नवाचारों के लिए गठबंधन (सीईपीआई) कांगो में फैले घातक वायरस इबोला बुंडीबुग्यो के टीके के विकास में तेजी लाने के लिए मॉडर्ना और दो अन्य समूहों को लगभग 60 मिलियन डॉलर देगा।

सीईपीआई के प्रमुख रिचर्ड हैचेट ने बताया कि इबोला बुंडीबुग्यो के टीके को कुछ ही महीनों में परीक्षण के लिए तैयार करना संभव है। इबोला बुंडीबुग्यो के लिए अभी तक कोई भी स्वीकृत टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है।

हैचेट ने कहा, इस घातक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में हर दिन मायने रखता है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में टीकों की उपलब्धता की उम्मीद से इस बारे में बातचीत शुरू करने में मदद मिलनी चाहिए कि कौन इन्हें खरीदेगा और इनके वितरण के लिए धन कौन देगा। लेकिन



उन्होंने चेतावनी दी कि वैक्सीन का विकास अप्रत्याशित हो सकता है और कांगो में चुनौतीपूर्ण सुरक्षा स्थिति परीक्षणों को जटिल बना देगी।

अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस प्रकोप से 282 पुष्ट मामले सामने आए हैं, जिनमें 42 मौतें शामिल हैं, और लगभग 1,100 संदिग्ध मामले हैं।

कांगो में हुई मौतों के अलावा, युगांडा में नौ मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें एक मौत शामिल है। वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसियों ने इस प्रकोप को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

**फास्ट न्यूज**

### पाकिस्तान की राजधानी में रात 8 बजे के बाद बाजार बंद करने का आदेश

नई दिल्ली। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद ने व्यवसायों के लिए एक नई समय-सारिणी लागू की है, जिसके तहत उन्हें सोमवार से रात 8 बजे तक बंद करना अनिवार्य होगा। डिप्टी कमिश्नर इरफान मेमन की अगुवाई वाले जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि बाजार बंद होने का नया समय हफ्ते के हर दिन लागू होगा।

### चांदी 2,950 बढ़कर 2.66 लाख किलो पर पहुंची

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 760 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 2,950 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

### अमेरिका में ट्रांसजेंडर सैनिकों को हटाने पर कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। अमेरिकी फेडरल अपीलीय कोर्ट ने अमेरिकी सेना (पेंटागन) से ट्रांसजेंडर सैनिकों को हटाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने अपने फैसले में ट्रांसजेंडर सैनिकों पर लगाए गए प्रतिबंध को असंवैधानिक करार दिया है और सरकार के इस कदम को भेदभाव-पूर्ण माना है।

## बेटियां शबनम ने अदालत में बयान दिया कि उन्होंने हुसैन से शादी कर ली

# पाकिस्तान: 8 बच्चों को छोड़ दूसरे पति संग चली गई मां

**लाहौर हाई कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद शबनम बीबी अपने नए पति गुलाम हुसैन के साथ चली गईं। इस दौरान कोर्ट के बाहर उनकी बेटियां रोती-बिलखते रह गईं, लेकिन मां ने एक नजर भी पीछे मुड़कर नहीं देखा।**

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के लाहौर कोर्ट के बाहर ऐसा नजारा देखने को मिला जिससे हर किसी का दिल पसीज गया. दरअसल एक महिला ने अपनी आठ जवान बेटियों को छोड़कर



दूसरे पति के साथ रहने चली गई।

'द डॉन' अखबार के अनुसार, गुलाम हुसैन ने कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी पत्नी शबनम को उनके पूर्व परिवार की कथित अवैध हिरासत से छुड़ाने की मांग की।

शबनम ने अदालत में बयान दिया कि उन्होंने हुसैन से शादी कर ली है और उनके साथ रहना चाहती हैं। कोर्ट ने दोनों की मर्जी का सम्मान करते हुए उन्हें साथ रहने की अनुमति दे दी।

अदालत के फैसले के बाद जब शबनम कोर्ट से बाहर निकलीं तो उनकी आठ बेटियां उनके पैरों में गिरकर रोने लगीं। एक बेटी ने बताया कि मां ने कोर्ट में उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया।

बेटियों ने मां को घर वापस लाने की अपील की, लेकिन मां ने किसी की नहीं सुनी। वीडियो में छोटी बेटी चीख-चीखकर रोती दिख रही है, जबकि मां बिना रुके नए पति के साथ चली गईं।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रही घटना

इस घटना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में बेटियां मां के पीछे भागती हुईं दिख रही हैं, लेकिन शबनम ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया। लोगों ने इस घटना को अमानवीय बताते हुए आलोचना की है।

बेटियां अब अकेली हैं और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कोर्ट ने कानूनी रूप से शबनम को नई शादी की आजादी दी, लेकिन सामाजिक और नैतिक स्तर पर यह फैसला विवादास्पद बना हुआ है।

# ब्राजील में काम पर जा रही महिला मैनहोल में गिरी


## कुछ घंटे पहले ही ढक्कन चुराने की हुई थी कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्राजील में काम पर जाते समय एक महिला मैनहोल में गिर गई। ठीक उसके कुछ ही घंटे पहले कथित तौर पर दो लोगों ने उस मैनहोल का ढक्कन चुराने की कोशिश की थी।

इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिखाया गया कि 31 साल की एक बेखबर महिला अचानक एक नाली में जा गिरी। महिला के कदम जैसे ही ढक्कन पर पड़ते हैं वैसे ही वह पलट जाता है और वह मैनहोल में जा गिरती है।

जिस मोटरसाइकिल सवार ने उसे उतारा था वह उसकी मदद के लिए तेजी से भागता है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, महिला को रियो डी



जनेरियो के माराकाना स्थित अंडाराई फेडरल हॉस्पिटल में तुरंत ले जाया गया। उसे चोटें आई थीं।

इस भयानक हादसे से महज कुछ घंटे पहले दो लोगों को ढक्कन के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसी सीसीटीवी कैमरे में कैद किया गया था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि उनका मानना है कि वे दोनों कथित तौर पर धातु के उस टुकड़े को चुराने की कोशिश कर रहे थे।

### फोन हाथ में लेकर फुटपाथ पर चल रही थी महिला

ब्राजील में रिकॉर्ड की गई एक दिल दहला देने वाली सीसीटीवी फुटेज में रविवार सुबह काम पर जाते समय एक महिला को मोटर-साइकिल से उतरते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद वह अपने फोन का इस्तेमाल करते हुए फुटपाथ पर टहलती हुई दिखाई देती है।

अपने आगे ढीले मैनहोल कवर से पूरी तरह बेखबर वह काम पर जाते हुए आगे बढ़ती जाती है। बस कुछ ही पलों बाद जैसे ही वह ढक्कन पर कदम रखती है तो वह महिला जमीन में समा जाती है।

# बच्चों की सुरक्षा जोखिम का मामला


## फ्लोरिडा ने ओपनएआई पर किया मुकदमा

**नुकसान**

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्लोरिडा ने ओपनएआई और उसके सीईओ सैम आल्टमैन पर सोमवार को मुकदमा दायर किया। आरोप लगाया गया है कि कंपनी ने अपने चैटजीपीटी प्लेटफार्म की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी। मुकदमे के अनुसार ओपनएआइ ने बच्चों को नुकसान पहुंचाया है। फ्लोरिडा ओपनएआइ पर कानूनी कार्रवाई करने वाला अमेरिका का पहला प्रांत है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य फ्लोरिडा के अटार्नी जनरल जेम्स उथमेयर ने फ्लोरिडा की अदालत में मुकदमा दायर किया।

मुकदमे में पिछले साल एक विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी और अन्य राज्यों में हुई कई घटनाओं का





हवाला दिया गया है, जहां कथित तौर पर चैटजीपीटी ने हमलावरों को जानकारी जुटाने में मदद की थी। उथमियर ने बताया कि मुकदमे में अरबों डालर हर्जाने की मांग की गई है। ओपनएआई ने अभी इस मामले में टिप्पणी नहीं की है। ओपनएआई को फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में मारे गए एक व्यक्ति के परिवार द्वारा दायर मुकदमे का भी सामना करना पड़ रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि चैटजीपीटी ने शूटर को हमले की साजिश रचने में सहायता की थी।

## होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद करने की तैयारी, लेबनान पर हमलों के विरोध में फैसला

# दावा : ईरान ने अमेरिका से सीजफायर वार्ता रोकी

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता फिलहाल रोक दी है। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते, तब तक मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का कहना है कि लेबनान में शांति बनाए रखना सीजफायर की अहम शर्तों में शामिल था। लेकिन अब लेबनान समेत कई मोर्चों पर इस समझौते का उल्लंघन हो रहा है।

ईरान ने गाजा और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और लेबनानी क्षेत्र से इजराइली सेना की पूरी वापसी की मांग की है। तेहरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों पर उसकी और उसके सहयोगियों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं।



### अमेरिका बोला- लेबनान में तनाव के लिए हिजबुल्लाह जिम्मेदार

अमेरिका का कहना है कि इजराइल और लेबनान के बीच सीजफायर को सबसे ज्यादा नुकसान हिजबुल्लाह के हमलों से पहुंच रहा है। वॉशिंगटन का मानना है कि हिजबुल्लाह लगातार इजराइल को निशाना बना रहा है, जिसकी वजह से

> अमेरिका ने ईरान की ओर जा रहे एक और मालवाहक जहाज को रोक दिया। 17 अप्रैल से अब तक अमेरिका 6 जहाजों को ईरान जाने से रोक चुका है।

### इराक के पास कार्गो जहाज पर हमला

खाड़ी क्षेत्र में एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ है, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। यह जानकारी यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने दी है।

UKMTO के मुताबिक, यह घटना इराक के उम्म कसर बंदरगाह से करीब 74 किलोमीटर दूर समुद्र में हुई।

बताया गया है कि किसी अज्ञात प्रोजेक्टाइल या उड़ती हुई चीज ने जहाज को टक्कर मारी, जिसके बाद बड़ा विस्फोट हुआ। फिलहाल यह साफ नहीं है कि हमला किसने किया।



लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन।

### लेबनान पर इजराइली हमले में अब तक 3,433 लोगों की मौत

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 2 मार्च को लड़ाई फिर शुरू होने के बाद से अब तक इजराइली हमलों में कम से कम 3,433 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 10,395 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं।


**जांच : फेमा नियमों के उल्लंघन का आरोप, 74,000 करोड़ के कर्ज वाली पैरेंट कंपनी को पेमेंट किया था**

# वेदांता ग्रुप के मुंबई दिल्ली दफ्तरों पर ईडी की रेड

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मंगलवार, 2 जून को दिग्गज बिजनेसमैन अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कार्रवाई ग्रुप के मुंबई और दिल्ली स्थित दफ्तरों पर की गई।


ED की कार्रवाई फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (FEMA) के नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़ी हुई है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब कंपनी अपने कारोबार को 5 अलग-अलग लिस्टेड कंपनियों में बांटने (डिमर्जर) की प्रक्रिया पर काम कर रही है। ED की छापेमारी



वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल।

के बीच वेदांता ग्रुप के प्रवक्ता ने बयान जारी कर अपनी स्थिति साफ की है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ₹हम जांच अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और उनके द्वारा मांगी जा रही सभी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**रिपोर्टों के अनुसार, वेदांता रिसोर्सेज पर करीब 74,000 करोड़ का कुल कर्ज है। इस कर्ज को चुकाने और फंड मैनेज करने के लिए भारतीय यूनिट अक्सर अपनी विदेशी पैरेंट कंपनी को मोटी रॉयल्टी देती रही है, जिसे लेकर अब जांच एजेंसी ने शिकंजा कसा है।**





### खबर आते ही बाजार में गिरा वेदांता का शेयर

ED की इस अचानक कार्रवाई का असर शेयर बाजार में कंपनी के स्टॉक पर भी देखने को मिला। दोपहर करीब 11:45 बजे वेदांता लिमिटेड का शेयर 0.7% की गिरावट के साथ 334.6 पर ट्रेड कर रहा था। आपको बता दें कि वेदांता लिमिटेड भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड एक बड़ी कंपनी है, जिसकी मार्केट कैपिटलाइजेशन (मार्केट कैप) लगभग 1.3 लाख करोड़ है।

### विदेश पैसा भेजने को लेकर हो रही जांच

ED की इस कार्रवाई का मुख्य कनेक्शन रॉयल्टी पेमेंट से जुड़ा है। जांच एजेंसी उस रॉयल्टी भुगतान की जांच कर रही है जो भारतीय कंपनी 'वेदांता लिमिटेड' की तरफ से अपनी मूल यानी पैरेंट कंपनी 'वेदांता रिसोर्सेज' को किया गया था। वेदांता रिसोर्सेज ब्रिटेन में स्थित एक एंटिटी है, जो इस समय भारी कर्ज से जूझ रही है।

# भारतीय शेयर बाजार को साउथ कोरिया ने पीछे छोड़ा

## एआई में तेजी से मार्केट कैप 475 लाख करोड़ हुआ

मुंबई, एजेंसी

साउथ कोरिया का शेयर बाजार भारत को पीछे छोड़कर दुनिया का छठा सबसे बड़ा मार्केट बन गया है। इसकी बड़ी वजह चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनियां हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते इस्तेमाल के दम पर लगातार रिकॉर्ड बना रही हैं।

ब्लूमबर्ग के अनुसार इस साल साउथ कोरिया की लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट कैप 86% बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब 475 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गई है। वहीं, भारतीय शेयर बाजार की मार्केट कैप घटकर 4.8 ट्रिलियन डॉलर (करीब 456 लाख करोड़ रुपए) रह गई है।

डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में आई लगातार गिरावट से ओवरऑल वैल्यूएशन डॉलर टर्म में कम हुआ है।

**विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड बिकवाली:** भारतीय बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) ने रिकॉर्ड स्तर पर पैसे निकाले हैं।





**AI कंपनियों की कमी:** भारतीय शेयर बाजार में ऐसी बड़ी कंपनियों की कमी है जो सीधे तौर पर ग्लोबल एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर या चिप मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी हों।

भले ही शेयर बाजार के वैल्यूएशन (मार्केट कैप) के मामले में साउथ कोरिया ने भारत को पछाड़ दिया हो, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था (GDP) के आकार के मामले में भारत अब भी साउथ कोरिया से बहुत आगे है।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676